बुधवार
17 अप्रैल 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पटना में क्रेन और ऑटो में टक्कर, 7 लोगों की मौत 2



# यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश की सबसे कठिन परीक्षा यानि कि यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस बार सिविल सर्विसेज की परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान हैं। जबकि तीसरे स्थान पर दोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। चौथे स्थान पर पीके सिद्धार्थ रामकुमार हैं जबकि पांचवें स्थान पर रुहानी हैं। विदित है कि आदित्य ने अपनी पढ़ाई लखनऊ के प्राइवेट स्कूल सीएमएस की अलीगंज ब्रांच से की है। पिछले साल आदित्य की 216 रैंक थी। वो फिलहाल हैदराबाद की आईपीएस ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनका परिवार लखनऊ के विकास नगर में रहता है। आदित्य ने 2014 में 12वीं की परीक्षा करीब 98.4% अंक के साथ पास की थी। आयोग की तरफ से कुल 1016 अभ्यर्थियों का फाइनल रूप से चयन किया गया है।



**कुल 352 महिला अभ्यर्थियों का चयनः** सिविल सेवा के लिए कुल 664 पुरुष और 352 महिलाओं का चयन किया गया है। यूपीएससी के मुताबिक अलग-अलग चरणों में आयोजित इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किए गए हैं। 180 पद आईएएस के लिए हैं। जबकि 200 पद आईपीएस के लिए हैं। आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इस साल यूपीएससी सीएसई-2023 एग्जाम के लिए 2 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच तीन फेज में यूपीएससी इंटरव्यू लिए गए थे। कुल 1026 कैंडिडेट्स इस पर्सनैलिटी टेस्ट में शामिल हुए थे। यूपीएससी सीएसई 2023 का प्रीलिम्स एग्जाम 28 मई को हुआ था।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए मंगलवार को कहा कि उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों के लिए भी अपने संदेश में कहा कि उन्हें भविष्य में सफल होने के मौके मिलेंगे और भारत में अवसरों की कमी नहीं है जहां उनकी प्रतिभा सच्चे अर्थों में चमक सकती है। उन्होंने कहा, "मैं सिविल सेवा परीक्षा, 2023 को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है, जिससे सार्वजनिक सेवा में उनके आशाजनक कॅरियर की शुरूआत होगी। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं।

पिछले 5 सालों से यूपीएससी सिविल सर्विसेज के एग्जाम में महिलाओं के पास पर्सेंटेज में इजाफा हुआ है। 2018 और 2019 में फीमेल पास पर्सेंटेज 24% रहा। 2020 में ये 29% तक पहुंच गया। जबकि 2021 में 3 पॉइंट्स गिरकर 26% तक पहुंच गया। इसके अलावा 2022 में ये आंकड़ा एक बार फिर 34% पर था। पिछले साल सिलेक्ट हुए 933 कैंडिडेट्स में 320 महिलाएं थीं। सिविल सर्विस परीक्षा को पास करने वाले उम्मीदवारों को यूपीएससी विभिन्न सरकारी विभागों में 1,105 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती के जरिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) और अन्य केंद्रीय सेवाओं और पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

# टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया हैः पीएम मोदी

**एजेंसी/कोलकाता**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में टीएमसी ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी।

## कांकेर जिले की पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर 29 नक्सलियों का सफाया

- 25 लाख रूपए के इनामी नक्सलियों के कमांडर शंकर राव को भी मार गिराने का पुलिस ने किया दावा
- घटनास्थल से बड़ी संख्या में आधुनिक राइफल, सात एके 47 राइफल, 3 एलएमजी बरामद किये गये

**एजेंसी/कांकेर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां के माड़ इलाके में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल पर भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में बीएसफ के इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल हुए हैं। फिलहाल घायलों की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके से 5 एके-47 बरामद की है। कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में वोटिंग होनी है। वोटिंग से पहले सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह मुठभेड़ छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में हुई। घायल जवानों को जंगल से निकाल लिया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा दल मुठभेड़ स्थल पर भेजे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ स्थल से 29 शव बरामद किए गए हैं।



## दो अप्रैल को बीजापुर में 13 नक्सली हुए थे ढेर

बीजापुर जिले के कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में हुए मुठभेड़ में पुलिस ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। यही नहीं लगभग इतनी ही संख्या में नक्सली बुरी तरह से घायल भी हुए थे। गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा में दो अप्रैल को हुए मुठभेड़ में 13 में से 11 नक्सली की पहचान हुई थी। इसमें पीएलजीएस कंपनी दो के सुखराम हेमला, हूंगा परसी, लक्खू कोरसा, डिवीसीएम सीतक्का (जितरू, डीवीसी की पत्नी), दुला कुहराम, सोनू अवलम, सुदरू हेमला, चैतु पोटाम, लच्छू कड़ती, लक्ष्मी ताती व कमली कुंजाम के रूप में हुई थी। मुठभेड़ में किसी जवान को कोई चोट नहीं आई थी और मौके से अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए थे।

**हाल ही में हुई थी उच्च स्तरीय बैठक:** छह दिन पहले दो दिवसीय दौरे पर गृहसचिव अजय कुमार भल्ला और आईबी के डायरेक्टर तपन कुमार डेका पहुंचे थे। उन्होंने बैठक ली। बैठक में 10 राज्यों के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी भी ऑनलाइन शामिल हुए थे। साथ ही बैठक में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव और नक्सल इलाकों में रणनीति को लेकर चर्चा की गई है। वहीं, इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल मोर्चो में आगे कई खुफिया ऑपरेशन की रणनीति बनाई गई। साथ ही खुफिया सूचना पर कश्मीर की तरह टारगेट बेस ऑपरेशन लॉन्च करने पर बात की गई थी। कांकेर में मुठभेड़ का असर सीधे तौर पर दिख रहा है।

घटनास्थल से बड़ी संख्या में आधुनिक राइफल, सात एके 47 राइफल, 3 एलएमजी बरामद किये गये हैं। मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव पर 25 लाख का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें दो जवान घायल हो गए। पुलिस भी नक्सलियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ दोपहर 1:30 बजे के बाद शुरू हुई थी। मौके से ऑटोमैटिक राइफलें भी जब्त की गई हैं।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में सभी वर्गों के लिए बनाई गई है रणनीतिः राहुल

**एजेंसी/मल्लापुरम**

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल दौरे पर हैं। केरल के मल्लापुरम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा के घोषणा पत्र पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में सभी वर्गों के लिए रणनीति बनाई गई है।

राहुल गांधी ने कहा 'मैं आप सभी से अपील करूंगा कि आप हमारा घोषणा पत्र पढ़ें। हमने रोजगार, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं, सभी के लिए रणनीति बनाई है। भाजपा ने भी कुछ वादे किए हैं। उनके पास मुख्यतः दो विचार हैं, एक तो ओलंपिक खेलों को भारत लाना और दूसरा किसी को चांद पर भेजना। बेशक, वे रॉकेट का इस्तेमाल करेंगे,



जिसे इसरो बनाएगा। इसरो को कांग्रेस पार्टी ने बनाया, उसका समर्थन किया और विकसित किया। वायनाड लोकसभा सीट पर अपने प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार चुनिंदा कारोबारियों को निशाना बनाने के लिए अलग तरीके अपना रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर देश के कुछ उद्योगपतियों की मदद करने का भी आरोप लगाया।

# श्रीनगर के झेलम नदी में पलटी नाव, छह की मौत, तीन बचाए गए

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के गंडबल इलाके में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां स्थानीय लोगों और स्कूल बच्चों से भरी एक नाव झेलम नदी में पलट गई। इस नाव में 10 से 12 बच्चे सवार थे। बच्चों के साथ कुछ स्थानीय लोग भी सवार थी। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं तीन लोगों को बचा लिया गया है। बाकी लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस हादसे के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस और प्रशासन को मामले की सूचना दे दी थी। लेकिन वो एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे। वहीं इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी है और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि इस नाव में ज्यादातर बच्चे सवार थे। रेस्क्यू ऑपरेशन में 6 लोगों के शव बरामद हुए और तीन घायलों को नदी से निकाला गया है। नदी से निकाले गए तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं बाकी लोगों की तलाश जारी है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण झेलम सहित कई जल निकायों के जल स्तर में वृद्धि हुई है।

जानकरी के अनुसार, रोजाना नाव लोगों को लेकर गंडबल से बाटवारा जाते हैं। मंगलवार की सुबह जो नाव पलटी उसमें स्कूली बच्चों समेत उनके माता-पिता और मजदूर शामिल थे। ये लोग रोज ऐसे ही नाव में बैठकर झेलम नदी पार करते थे। लेकिन मंगलवार सुबह एक नाव पलट गई।

# केजरीवाल ने जेल से जनता के नाम भेजा संदेश कहा- मेरे साथ आतंकवादियों जैसा हो रहा सलूक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री का संदेश जनता के लिए पढ़ा। उन्होंने संदेश में पढ़ा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही देश के एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा और नरेंद्र मोदी नफरत से भरे हैं, तभी केजरीवाल से उनके परिवार और पंजाब के सीएम भगवंत मान से मुलाकात शीशे की दीवार खड़ी करा रहे हैं।

कहा कि नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित कर उनको और आप के नेताओं को अपमानित व मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल को जितना तोड़ने की कोशिश करेंगे, वो और मजबूत होकर उनसे लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा सलूक आप के लिए कष्ट देने और मोदी और भाजपा के लिए शर्म करने की बात है। मोदी के इस तानाशाही कार्य की आप निंदा करती है, इससे



अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे। आगे कहा कि आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले इलेक्टोरल बॉन्ड, जिसके जरिए भाजपा को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं। ये महाघोटाला है। फिर भी प्रधानमंत्री बेशर्मी से इसके पक्ष में खड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और मणिपुर की समस्या समेत देश के मुद्दों पर कुछ नहीं बोला है। केंद्र सरकार का अरविंद केजरीवाल के प्रति नफरत, दुर्भावना और तानाशाही का रवैया है।




## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों ने की बैठक

# निर्णय लेते समय पिछड़े वर्गों के हितों का रखें ध्यानः राष्ट्रपति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को गरीबों के हितों का ध्यान रखने के लिए वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेते समय पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई। इस बैठक में मुर्मू ने नीतियों को गरीब के हितों को ध्यान में रखकर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कि आर्थिक वृद्धि देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के मानक माने जाते हैं। सरकारी नीतियों, योजनाओं को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा कि वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों से



कहा कि नीति संबंधी सुझाव देते समय या कोई निर्णय लेते समय पिछड़े वर्ग का ध्यान रखें।

**दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा भारतः** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय में सभी को अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के अनगिनत अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश का विकास करें।

**तकनीक के जरिए बढ़ाएं कार्य में कुशलताः** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि युवा भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि उनकी रचनात्मकता इस तेजी से बदलते युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी। डाटा के विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से सरकार को लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद मिली है।

**बैच में अधिक महिला अधिकारीः** राष्ट्रपति ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस बैच में 60 प्रतिशत से अधिक आईईएस महिलाएं हैं। महिलाओं की इस तरह की बढ़ती भागीदारी से भारत का समावेशी विकास हो सकेगा। उन्होंने महिला अधिकारियों से कहा कि वे महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर काम करें।

## दर्दनाक हादसाः न्यू बाईपास की घटना, जीरोमाइल की ओर जा रही थी ऑटो

# पटना में मेट्रो का काम कर रहे क्रेन और ऑटो में जोरदार टक्कर, 7 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में मेट्रो का काम कर रहे क्रेन और ऑटो में भयंकर टक्कर हो गई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो में आठ लोग सवार थे। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास की है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल फैल गया। घटना के संबंध में ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि एक ऑटो मीठापुर से जीरोमाइल की तरफ जा रही थी, जिसमें आठ लोग सवार थे। वहीं दूसरी तरफ मीठापुर के नजदीक मेट्रो का काम चल रहा था। इसी क्रम में ऑटो मेट्रो की क्रेन से टकरा गई। इस हादसे में बच्चा महिला समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

मरने वालों में मोतिहारी, रोहतास और नेपाल के लोग




मिली जानकारी के अनुसार घटना में मोतिहारी, रोहतास और नेपाल के लोग पटना जंक्शन से उतरकर ऑटो से जीरो माइल स्थित बस स्टैंड की ओर जा रहे थे तभी राम कृष्ण नगर बाईपास पर यह हादसा हुआ। मरने वालों में इंद्रजीत दास (29), लक्ष्मण दास (60), उपेंद्र बैठा (40), नेहा कुमारी (32), अभिनंदन कुमार (5), रानी कुमारी (डेढ़ वर्ष), पिंकी देवी (22) जबकि मात्र एक बचे युवक में मुकेश साहनी (26) शामिल हैं। पिंकी मोतिहारी जिला के सेमरा सकरदिरा की रहने वाली थी। इस घटना में उसका बेटा अभिनंदन (5) और डेढ़ साल की बेटी रानी की भी मौत हो गई है। पिंकी देवी के पति मुकेश सहनी घायल हैं। लक्ष्मण दास नेपाल के जलेसर धाम के रहने वाले थे, जबकि उपेन्द्र कुमार बैठा रोहतास जिला के प्रेमपुर पतारी गांवके रहने वाले थे। पिंकी पटना के अनिसाबाद में टेंपो पर सवार हुई थी, जबकि उपेंद्र कुमार बैठा बस स्टैंड के पास टेम्पू में बैठे थे। टेम्पू का चालक मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी, ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटना को लेकर जांच - पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल मेट्रो कार्य में लगे क्रेन और चालक की खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है।

### अचानक ऑटो ने बाएं से दाएं की तरफ टर्न ले लिया

घायल मुकेश साहनी ने बताया कि वह मूल रूप से मोतिहारी का रहने वाला है और अपने 5 वर्ष के बेटे अभिनंदन, डेढ़ वर्ष की बेटी रानी कुमारी और पत्नी पिंकी देवी के साथ बस पकड़ने ऑटो से बस स्टैंड जा रहे थे। इसी क्रम में राम लखन पथ के पास अचानक ऑटो बाएं से दाहिनी की तरफ टर्न लेते ही मेट्रो का काम कर रहे क्रेन से जा टकराया। हादसा इतना भयावह था कि इस हादसे में ऑटो पूरी तरह पलट गई और उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। हालांकि इस हादसे में मुकेश साहनी को अभी तक यह पता नहीं है कि उनके दोनों बच्चे और पत्नी की मौत हो चुकी है। उनकी हालत गंभीर है और अस्पताल में बार-बार अपने बच्चे और पत्नी को खोज रहे हैं।

# स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती हैः मोदी

**केटी न्यूज/गया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गया में रैली को संबोधित किया। उन्होंने गया और महात्मा बुद्ध की धरती को नमन करते हुए उन्होंने संविधान, राम मंदिर और शक्ति की उपासना पर बात करते हुए विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने लालटेन युग की भी बात की और विकास की तस्वीरें भी दिखाई। इस दौरान उत्साहित लोगों को उन्हें कई बार मोदी-मोदी का नारा लगाने से रोकना भी पड़ा, हालांकि खुद भी उन्होंने कई बार लोगों से अपने अंदाज में सवाल-जवाब भी किया।

प्रधानमंत्री ने पहुंचते ही कहा- विश्व विख्यात ज्ञान और मोक्ष की पवित्र नगरी गया जी के हम प्रणाम करहि। भगवान विष्णु की धरती, भगवान बुद्ध के तपस्थली के हम नमन करहि। यह वह धरती है, जिसने मगध का ऐश्वर्या देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है। कहा सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव की वापसी के लिए आगे बढ़ रहा है। इसे चुनाव से जोड़ते हुए उन्होंने कहा- यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब और आपका यह उत्साह साफ बता रहा है- फिर एक बार? फिर एक बार? फिर एक बार? जवाब मिला- मोदी सरकार।

पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती है! इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोग विचार-विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ताकत के कारण ही आज मोदी इस जगह पर है।






## बेतिया में गैस सिलेंडर फटने से 40 घर जलकर राख

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि आग लगने की घटना में 40 घर जलकर राख हो गए। दो परिवारों के घर में बेटी की शादी होनी थी, लेकिन आग ने दोनों परिवारों द्वारा जुटाया गया सामान, कपड़े और तैयारी सब को बर्बाद कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। यह घटना बगहा पुलिस जिले के बथवरिया थाना क्षेत्र के टेसरहिया बथवरिया गांव की है।

जानकारी के अनुसार, बथवरिया थाना क्षेत्र के टेसरहिया बथवरिया में सोमवार की देर रात अचानक गैस सिलेंडर फट जाने के कारण आग लग गई। सिलेंडर फटने के बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। हालांकि सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम और ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि सिलिंडर ब्लास्ट होने से जनार्दन यादव के घर में आग लगी थी। फिर उसके चपेट में वार्ड नंबर 12 के पांच घर आ गए। आग की विकराल लपटों पर काबू पाना बहुत ही मुश्किल हो रहा था। इतने में आग ने वार्ड नंबर 13 के 35 घर भी जला दिए। इधर, जनार्दन यादव के बाद शंभू यादव और सुरेंद्र यादव के घर में रखे सिलेंडर भी फट गए, जिससे स्थिति को संभालना और मुश्किल हो गया। फिर सब कुछ जलकर राख हो गया। इसमें कितना आर्थिक नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है।


## सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग को में दो युवक गिरफ्तार

**बेतिया।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग का तार पश्चिम चंपारण बेतिया से जुड़ा है अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में दो युवकों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों युवक पश्चिम चंपारण बेतिया के मसही गांव के रहने वाले हैं। एक का नाम विक्की साहब गुप्ता तो दूसरा का नाम जोगेंद्र पाल बताया जा रहा है। बिश्नोई गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। दोनों युवकों का नाम आने से गांव वाले सन्न रह गए हैं।










# मझरिया के सिद्धांत ने बढ़ाया जिले का मान, यूपीएससी में मिला 114वां रैंक

**केटी न्यूज/बक्सर**



मंगलवार को यूपीएससी का रिजल्ट जारी हुआ। जिसमें बक्सर से सटे मझरियां गांव के सिद्धांत कुमार ने 114 वां रैंक ला अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया है। रिजल्ट जारी होते ही सिद्धांत के परिजन खुशियों से झूम उठे है। परिवार में रामनवमी का उत्साह बढ़ गया है। अच्छा रैंक मिलने से उसे आईएएस अधिकारी बनने का सपना पूरा हो गया है, जिसके लिए वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद लंदन में मिली अच्छी नौकरी को छोड़ दिया था। बता दें कि सिद्धांत को यह सफलता चौथे प्रयास में मिली है। पिछली बार वे इंटरव्यू तक पहुंचे थे, लेकिन सफल नहीं हो सकें थे। इससे उन्होंने हार नहीं मानी थी तथा फिर और मजबूती से तैयारी में जुट गए थे। वहीं चौथे प्रयास में उन्हें न केवल सफलता प्राप्त हुई है बल्कि 114वां रैंक प्राप्त हुआ है। उन्होंने आईएसएस पद पर चयनित होने की संभावना जताया है। यूपीएससी में सफल होने के बाद उसके शुभचिंतकों तथा नाते रिश्तेदार शुभकामनाएं देने उसके घर पहुंच रहे है। यह सिलसिला देर शाम तक जारी था। इसके साथ ही सिद्धांत के सहकर्मियों ने भी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया है और कहा कि माता पिता ने हमेशा मार्गदर्शन देने के साथ हौसला बढ़ाया है।

**सेल्फ स्टडी व ऑनलाईन क्लास से मिली सफलता:** सिद्धांत ने बताया कि उसने परीक्षा की तैयारी सेल्फ स्टडी एवं ऑनलाइन के माध्यम से किया है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करना शुरू कर दिया था। ज्ञात हो कि सिद्धांत ने 2011 में पटना डीएवी से 12वीं की शिक्षा प्राप्त की। जिसके बाद उन्होने कोच्चि में इंजीनियरिंग की ड्रिग्री हासिल किया। इस दौरान कैंपस सेलेक्शन के तहत अच्छी सैलरी के साथ लंदन में जॉब मिल गया था, लेकिन यूपीएससी परीक्षा की तैयारी को लेकर उन्होंने लंदन की नौकरी को छोड़ दिया। इसके बाद 2022 मे उन्होंने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित कर सहायक वाणिज्य कर आयुक्त के पद पर चयनित हुआ। उनकी पोस्टिंग पटना में है। नौकरी के दौरान भी सिद्धांत ने यूपीएससी की तैयारी को जारी रखा। जिन्हें चौथे प्रयास में यह सफलता प्राप्त हुई है।

### पटना में दुकान चलाते हैं सिद्धांत के पिता

सिद्धांत सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से आते है। उनके पिता श्यामनंदन सिंह उर्फ झुनू सिंह पटना के कंकड़बाग कॉलोनी में हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, जबकि मां गृहिणी है। सिद्धार्थ के यूपीएससी में चयनित होने की खबर के बाद से ही मझरिया में उत्सवी माहौल कायम है। आखिर उनके गांव का बेटा देश के सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता का झंडा गाड़ दिया है। सिद्धान्त कुमार के चाचा अजय कुमार सिंह न्यायालय में सिरिस्तेदार के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि मध्यवर्गीय परिवार में कोई भी खुशी बड़ी होती है। प्रतिष्ठित परीक्षा में रैंक हासिल करने से पूरे परिवार में हर्ष है।

## एक नजर

### कोषांग प्रभारियों व उड़नदस्ता दल के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**बक्सर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने मंगलवार को निर्वाचन संबंधी सभी कोषांगो, उड़नदस्ता दल के कार्यों के साथ-साथ निर्वाचन संबधी सभी बिंदुओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की। बैठक में डीएम ने सबसे पहले प्रखंडवार कार्यों की समीक्षा की तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिए कम मतदान वाले क्षेत्र को चिन्हित करते हुए स्वीप कार्यक्रम एवं हर घर दस्तक अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करें। इसके लिए उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों तथा बीएलओ के साथ बैठक कर माइक्रो प्लानिंग करने को भी कहा। समीक्षा बैठक में डीएम ने संवेदनशील घोषित किए गए ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के उड़नदस्ता दल के अब तक ठोस जप्ती नहीं किये जाने पर नाराजगी जताई। डीएम ने इस विधानसभा क्षेत्र के उड़नदस्ता दल को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सघन तलाशी अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक मात्रा में शराब, कैश आदि की जप्ती करने का प्रयास करेंगे।वही, अंचल अधिकारी चक्की, चौगाई, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी राजपुर तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत चौसा को गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में बक्सर लोक सभा क्षेत्र के लिए 70 प्रतिशत वोटर टर्न ओवर कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड, पर्याप्त रोशनी, व्हीलचेयर इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित किया जाय, ताकि किसी मतदाता को कोई कष्ट न हो पाए। बैठक में डीएम नोडल पदाधिकारी एएमएफ कोषांग सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी को सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। डीएम ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए वीवीपैट मशीन को शेड में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। साथ ही ईवीएम में तकनीकी खराबी आने पर रिप्लेसमेंट के बिंदु पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से विमर्श किया गया। विमर्श के दौरान सभी सेक्टर पदाधिकारियों को एक-एक अतिरिक्त बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट सेट देने एवं शेष बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को यथासंभव प्रखंड कार्यालय में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया।

### लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी तेज, कर्मियों के प्रशिक्षण का रोस्टर जारी

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण का रोस्टर जारी कर दिया है। ताकी चुनाव पूर्व सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया जाए। इस संबंध में मंगलवार को अपर समाहर्ता अनुपमा सिंह ने आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अपने कार्यालय कक्ष में प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, डुमरांव, कृष्णा कुमार द्वारा बताया गया कि 18 अप्रैल को सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के डिस्पैच सेंटर के पदाधिकारी एवं कर्मियों का प्रशिक्षण दो पालियो में डीआरसीसी सभागार में निर्धारित है। इसके अतिरिक्त दिनांक 22 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक मतदान दल के कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम एमपी हाई स्कूल बक्सर में निर्धारित है। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अपर समाहर्ता द्वारा बैठक में सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण सत्र में डिस्पैच सेंटर के कर्मियों को व्यापक रूप से डिस्पैच की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी को प्रशिक्षण सामग्री वितरित करने का निर्देश दिया गया। ताकि डिस्पैच सेंटर पर योगदान करने वाले मतदान दल के कर्मियों को चुनाव सामग्री प्राप्त करने एवं ईवीएम तथा वीवीपैट प्राप्त करने तथा वाहन को खोजने में किसी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही मास्टर प्रशिक्षकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण सत्र को सरल एवं रुचिकर बनाएं।

## खबरें फटाफट

### ट्रक चालक व खलासी की पिटाई कर छीन लिये 45 हजार रूपए

**डुमरांव।** कोरानसराय में एक ट्रक को रोक नामजदों द्वारा चालक व खलासी की पिटाई कर 45 हजार रूपए छिन लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ट्रक मालिक ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सात को आरोपित किया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के डुभकी गांव निवासी सरोज कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसके ट्रक का चालक मुन्ना यादव तथा खलासी प्रमाणित कुमार सोमवार की शाम ट्रक लेकर कोरानसराय में सामान लोड करने गए थे, तभी वहां पहले से मौजूद विशाल कुमार, रमेश कुमार, लवकुश कुमार, विवेक कुमार, दिलीप कुमार, दिनेश कुमार तथा विकास कुमार नामक युवकों ने चालक व खलासी की पिटाई कर ट्रक में रखे 45 हजार रूपए छिन लिए। सरोज ने बताया है कि विरोध करने पर युवकों ने कट्टा के बट से मार खलासी का सर भी फोड़ दिया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस को देख शराब छोड़ भागा तस्कर

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर ओपी पुलिस ने सोमवार की रात थाना क्षेत्र के महुआर डेगा बाबा के समीप वाहन चेकिंग के दौरान 195 बोतल अंग्रेजी शराब तथा एक साइकिल को जब्त किया है। हालांकि, तस्कर अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार डेगा बाबा के पास नैनीजोर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान एक युवक साइकिल पर एक पीली बोरी बांध आता दिखाई दिया। लेकिन, वह पुलिस को देखते ही साइकिल छोड़ अंधेरे का फायदा उठा दियारे के रास्ते भाग निकला। पुलिस ने जब साइकिल पर बंधे प्लास्टिक की बोरी की तलाशी ली तो उसमें शराब की बोतले बरामद हुई। थानाध्यक्ष मो. फिरोज आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर तस्कर की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## मुरार थाना क्षेत्र के नचाप, वीरपुर व बेलहरी के बधार की है घटना

# बिजली के तार से टकराकर आग का गोला बना कौआ, 30 एकड़ की खड़ी फसल राख





◆ तीन दर्जन से अधिक किसानों की खड़ी फसल जली, तापमान में बढ़ोतरी होने और पछिया हवा तेज होने से बढ़ीं अगलगी की घटनाएं

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मंगलवार की भरी दोपहरी तेज पछिया हवा के बीच स्थानीय थाना क्षेत्र के नचाप, वीरपुर व बेलहरी के बधार में अग्नि में भयंकर तांडव मचाया। इस दौरान तीनों गांवों के करीब तीन दर्जन से अधिक किसानों के 30 एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल तथा भूसा बनाने के लिए खेत में छोड़े गए डंठल जल गए है। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा तथा आग पर काबू पा इसे और विकराल होने से बचा लिया। इस घटना के बाद पीड़ित किसानों में मायूसी छाई है।

जानकारी के अनुसार वीरपुर बधार के उपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार पर मंगलवार की दोपहर अचानक कही से उड़ते ही एक कौआ आकर बैठा, जिससे सर्ट सर्किट हो गई तथा कौआ आग का गोला बनकर गेहूं के एक खेत में जा गिरा। जिससे उक्त खेत में आग लग गई। इधर आंधी की तरह चल रही तेज पछिया हवा ने आग में घी का काम किया। किसान जबतक कुछ समझते तथा बचाव का रास्ता अख्तियार करते तबतक वीरपुर के बधार से शुरू हुई यह आग देखते ही देखते नचाप व बेलहरी तक पहुंच गई। हालांकि, किसानों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सकें। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तथा सीओ गौतम कुमार भी मौके पर पहुंचे। हालांकि, बाद में पहुंची अग्निशमन वाहन ने आग को बूझा किसानों को राहत प्रदान की। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने तथा पछिया हवा तेज होने से अगलगी की घटनाएं बढ़ गई है। इस संबंध में सीओ गौतम कुमार ने कहा कि क्षतिपूर्ति का आंकलन करवाया जा रहा है। किसानों को उचित मुआवजा मिलेगा। गौरतलब है कि अगलगी की घटनाओं को देखते हुए बिजली कंपनी द्वारा दोपहर में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। बावजूद अगलगी की घटनाओं पर काबू नहीं पाया जा सका है।

### चिंगारी से लगी आग, 45 हेक्टेयर की गेहूं का फसल जली

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर के रसेन व भरखरा गांव के बधार में मंगलवार को हार्वेस्टर से निकली चिंगारी किसानों के लिए आफत बन गई। इस आग से लगभग 45 हेक्टेयर भूमि में लगे गेहूं के फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों की कमर टूट गई। जानकारी के अनुसार गेहूं के फसल पकने के साथ सभी गांव में कटनी का काम तीव्र गति से जारी है। इसी के तहत रसेन गांव के बधार में हार्वेस्टर से कटनी की जा रही थी तभी, अचानक इससे निकली चिंगारी ने एक खेत में आग पकड़ लिया। तेज पछुवा हवा होने से आग तेजी से फैलने लगा। आग की लौ एवं धुआं को देख किसानों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर सैकड़ों की तादाद में पहुंचे ग्रामीणों ने आसपास के समरसेबल को चालू कर आग बुझाना प्रारम्भ किया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को भी दी गयी। समय पर फायर ब्रिगेड के नहीं पहुंचने के बाद भी ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आग से किसान वीरेंद्र प्रताप सिंह, नथुनी राय, संजय राय, शशिकांत कुशवाहा, पवन राय, तेजू साह, टनमन राय, सरपंच नोनिया, टुनटुन राय के अलावा दर्जनों किसानों का फसल जलकर राख हो गए वहीं, बारूपुर पंचायत के भरखरा गांव के बधार में भी अचानक कहीं से निकली चिंगारी से खेत में आग पकड़ लिया। जिसमें गांव के किसान विश्वामित्र उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, अनिल, सुरेश उपाध्याय, दरोगा सहित अन्य किसानों का फसल जल गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बारूपुर मुखिया प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने किसानों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा राशि की मांग की है। सीओ डा. शोभा कुमारी ने बताया कि दो जगहों पर आग से फसलों को काफी नुकसान होने की सूचना प्राप्त हुई है। सम्बंधित राजस्व कर्मी को भेंजकर फसल बबार्दी का आकलन किया जा रहा है। किसानों द्वारा सनहा दर्ज करते ही उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# रामनवमी पर आज डुमरांव नगर में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, लोगों का मन मोहेंगी झांकियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रामनवमी को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। महावीरी झंडा पूजा समिति द्वारा निकाले जाने वाले भव्य जुलूस का इंतजार पूर्व संध्या से ही पूरा शहर कर रहा है। हर घर के लोग इसमें शामिल होकर महवीरी झंडा क साथ-साथ चलते हैं। नगर के राजगढ़ से शोभा यात्रा निकल नगर मुख्य सड़कों से गुजरता हुआ पुनरू राजगढ़ के पास आकर समाप्त होता है। इस यात्रा में राज परिवार भी शामिल होता है। शोभा यात्रा के दौरान बाहर से आए कलाकार भजन-कीर्तन के साथ गीत-संगीत पर नाचते-गाते लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने रहते हैं। इस बार महावीरी पूजा समिति बजरंग दल के द्वारा मथुरा, हरिद्वार, जनकपुर, दिल्ली, वराणसी सहित अन्य धार्मिक शहरों से कलाकारों को बुलाया गया है। जो अपनी कला का बेजोड़ नमूना पेश करेंगे। इस दिन का नगरवासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है। शोभा यात्रा को देखने के लिए रोड के किनारे और छतो के उपर महिलाएं और बच्चे



खड़े रहते हैं। जहां चौक-चौराहा आता है, शोभा यात्रा को रोक कलाकार अपनी कला दिखाने लगते हैं। पूरा शहर राममय हो जाता है।

### सुरौंधा गांव में आग लगने से सैकड़ो एकड़ फसल जलकर राख

**डुमरांव।** प्रखंड के सुरौधा गांव के पास गेहूं के खेत में आग लगने से सैकड़ो एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राग हो गई। आग बुझाने के लिए जबतक फायरब्रिगेड की गाड़ी व टीम पहुंचती तबतक सबकुछ जलकर राख हो गया। इस आगलगी में सुदामा यादव, हरिहर राय, पतिराम यादव, श्याम नारायण राय, झखडी राय, ललन यादव सभी हरनहा व कुशलपुर के किसान हैं। सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। इनका कहना है कि कर्ज लेकर खेती किए थे, कर्ज कैसे चुकाएंगे। परिवार दाने-दाने के लिए मोहताज हो गया है। अगलगी की बढ़ती घटनाओं से किसान भयभीत हैं।

# आथर गांव के पास सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत, उग्र ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/केसठ-नावानगर**

डुमरांव -बिक्रमगंज सड़क पर बासुदेवा ओपी के आथर गांव के पास एक साइकिल सवार युवक को अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मकुंदडेरा भरटोली गांव निवासी पंचरतन साह का पुत्र सुरेश साह उर्फ गूंगा ( 35 वर्ष ) बताया जा रहा है। वही ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक साइकिल से राम नवमी का सामान लेने कोरान सराय जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक गूंगा बहरा था। घटना मंगलवार की सुबह की है। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने



सड़क को जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। जिसके चलते करीब तीन घंटे तक हाइवे पर वाहनों की आवागमन बाधित हो गई। मौके पर पहुंची ओपी पुलिस, बीडीओ मनोज कुमार व स्थानीय विधायक अजीत कुमार कुशवाहा ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद सुबह 9 बजे से हुई सड़क जाम को 12 बजे हटाया गया। तब जाकर हाइवे पर आवागमन सुचारू हो सका। बीडीओ ने बताया कि तत्काल राहत के रूप में पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ के रूप में 20 हजार तथा अंत्येष्ठि के लिए मुखिया द्वारा 3 हजार रुपया की सहायता दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## बक्सर में एनडीए प्रत्याशी के प्रधान कार्यालय का हुआ उद्घाटन, मिथिलेश तिवारी ने जिलेवासियों से किया वादा

# मोदी जी ने जिस तरह काशी का विकास किया, उसी तरह करना है बक्सर का विकास

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को बक्सर में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के प्रधान कार्यालय का उदघाटन किया गया। इस मौके पर भाजपा, जदयू, हम, लोजपा समेत एनडीए के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे। जबकि कार्यालय के उदघाटन के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद उपस्थित थे।



इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। लोगों को अपना प्रधानमंत्री चुनना है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। उन्होंने खुद को नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री ने वाराणसी में विकास की गंगा बहाई है उसी तरह से मैं भी बक्सर का विकास करना चाहता हूं। वही उन्होंने कहा कि पूरे देश में एनडीए की लहर चल रही है। विपक्ष के पास न नेता है न नीति और नियत।

वही इस मौके पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता सह होटल व्यवसायी प्रदीप राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार चार सौ के पार का जो नारा दिया है वह इस बार साकार होने जा रहा है और उसमें एक बक्सर की सीट भी शामिल है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि चार जून को 400 पार होगा। बक्सर संसदीय क्षेत्र की जनता इस बार मिथिलेश तिवारी को रिकार्ड मतो से जीता केन्द्र में एनडीए का कमल खिलाने का काम करेगी। प्रदीप राय ने कहा कि बक्सर संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी को कोई टक्कर देने वाला भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बक्सर की सीट पहले से भी एनडीए के खाते में रही है। इस बार सबसे बड़ी जीत होने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से जनता काफी खुश है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह दिखाई भी पड़ रहा है। इस मौके पर भाजपा, जदयू, हम, लोजपा समेत एनडीए के सभी घटकों के सैकड़ो नेता मौजूद थे।

# घनी आबादी के बीच कूड़ा डंप कर रहा नगर परिषद, लोगों की बढ़ी परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद शहर की सफाई के लिए दो एनजीओ को बहाल कर रखा है। एक डुमरांव शहर की तो दूसरी पुराना भोजपुर व नया भोजपुर की सफाई करता है। दोनों में 46 लाख रूपया नप का खर्च करता है। लेकिन शहर के कूड़े को शहर में ही डंप किया जा रहा है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में सफाखाना रोड के नहर किनारे नप एनजीओ ने कूड़े डंप कर दिया है। इतना ही नहीं उस कूड़े में आग लग गया है। इसके आसपास की बसा महादलित टोले एवं नये घर बनाकर रह रहे लोग काफी परेशानियों से जूझ रहे हैं। इस समय तेज पछुआ हवा के कारण कूड़े उड़कर आबादी में चले जाते हैं। आबादी में जाने से लोगों को घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि दिन में हमलोग निगरानी करते हैं कि कूड़ा इधर नहीं गिरे, लेकिन रात के अंधेरे में कूड़ा डंप कर दिया जाता है। इतना ही नहीं कूड़े में आग लग जाने से आसपास के बस्ती वाले लोगों में भय बना हुआ है कि तेज हवा के कारण चिंगारी निकल घर को आग के हवाले न कर दे।

# पिकअप मरम्मती के पैसे देने जा रहे बाइक सवार युवक को बदमाशों ने मारी गोली

- अपराधियों ने पहले बाइक से युवक को ठोकर मारी, गिरने के बाद मार दी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

बिहिया थाना क्षेत्र के बबुआ ब्रह्मस्थान के समीप मंगलवार की शाम अपराधियों ने बाइक सवार एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके कमर के पास लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के गौरा गांव निवासी देवानंद ठाकुर का 25 वर्षीय पुत्र आकाश ठाकुर है। उसने गौरा और चमरपुर गांव निवासी कुछ लड़कों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। साथ ही बदमाशों पर गोली मार बाइक जलाने का आरोप भी लगाया जा रहा है। हालांकि गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से मामले की छानबीन की। इधर, सरेराह गोली मारे जाने की घटना से इलाके में सनसनी मच गई। बताया जा रहा है मंगलवार की शाम रामनवमी को लेकर पुलिस फ्लैग मार्च



निकाल रही थी। उधर, अपराध कर्मी सरेराह युवक को गोली मार कर भाग निकले हालांकि बहोरनपुर ओपी पुलिस की मानें तो जख्मी आकाश ठाकुर का भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। घटना के संबंध में आकाश ठाकुर ने बताया कि उसने बिहिया बाजार में पिकअप बनने के लिए दिया था। उसका पैसा देने वह मंगलवार की शाम अपाची बाइक से बिहिया जा रहा था। उसी दौरान बबुआ ब्रह्म स्थान के समीप पहुंचा पीछे से दो बाइक पर सवार चार युवक पहुंच गए।अपराधियों ने पहले बाइक में ठोकर मारी। उससे वह अनियंत्रित होकर चाट में गिर पड़ा। उसके बाद बदमाशों द्वारा उसे पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी गई। उसमें उसे गोली लग गई। उसके बाद वह बाइक छोड़ वहां से भाग कर कुछ दूर आ गया। तभी बदमाशों ने उसकी अपाची बाइक पर गोली मार दी। उससे उसकी अपाची बाइक जलकर राख हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, युवक का इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि गोली उसके गोली पेट के निचले हिस्से में लगी थी, जो निकल गई है। उसके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। मरीज की स्थिति अभी ठीक है।

## एक नजर

### अग्निशमन दल ने बच्चों के साथ निकाला जागरूकता प्रभातफेरी

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी रोहन प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने



मंगलवार को निकाला प्रभातफेरी। जिसे 14 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सर्वप्रथम सुबह में दिनारा प्रखंड के नटवार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभातफेरी से लोगों को आग से सुरक्षा के बचाव के गुर बताया गया। साथ ही अपील कर बताया गया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर विक्टोरिया नामक जहाज में आग लग गई थी। जिसमें लगभग 66 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके याद में अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में इसे मनाया जाता है। मौके पर पूर्व अग्निशमन पदाधिकारी प्रेमचन्द राम, अग्निक सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार, कनक कुमार, राजू कुमार, प्रियता कुमारी, अंकज कुमार, अग्निक चालक सुनील कुमार पासवान, राजेश कुमार, राकेश कुमार गुप्ता एवं समस्त अग्निक एवं अग्निक चालक मौजूद रहे।

### सम्राट अशोक का मौर्य शक्ति ने धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मंगलवार को मौर्य शक्ति के तत्वावधान में सम्राट अशोक जन्मोत्सव समारोह का आयोजन स्थानीय शहर के अजीत




ऑडिटोरियम में किया गया। अवसर पर मौर्य शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मौर्य ने गौतम बुद्ध पर पंचशील जलाते हुए सम्राट अशोक के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन्मोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए रवि मौर्य ने कहा कि अखंड भारत के शासक चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के विचारों को अपनाने की जरूरत हम लोगों को है। सम्राट अशोक के शासनकाल को भारत को सोने की चिड़िया, विश्व गुरु का दर्जा एवं स्वर्णिकाल कहा गया है। सम्राट अशोक महान मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के रक्षक भी थें। समारोह की अध्यक्षता द्वारिका प्रसाद सिंह एवं संचालन चंद्र प्रकाश सिंह कुशवाहा ने की। मौके पर अतिथियों का स्वागत सचिव सुनील कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कलक्टर सिंह ने किया। मौके पर रमाशंकर सिंह, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष उसरी, ज्ञानचंद मेहता, मुखिया, उगहनी, गयामुनी सिंह, अजय कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा, रामलगन सिंह, मुन्ना कुशवाहा, दिनेश कुमार दिनकर, लालबाबु सिंह, शशि भूषण सिंह, उमाशंकर सिंह, शिवाधार सिंह, अशोक मौर्य, अवधेश सिंह, कमल सिंह, विनोद कुमार भारती, जगन्नाथ सिंह आदि शामिल थे।

## खबरें फटाफट

### रामनवमी पर बच्चों ने रामायण की एकांकी प्रस्तुत कर मनमोहा

**बिक्रमगंज।** रामनवमी पर्व के अवसर पर स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय मुख्य



पथ स्थित माई छोटा स्कूल के नन्हें बच्चों ने धूमधाम से रामनवमी महोत्सव मनाया। मंगलवार को विद्यालय में रामनवमी महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने भगवान राम,लक्षण, माता सीता,सबरी का रूप धारण कर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भी मनाया। इस उपरांत स्कूल में अतिथियों सहित अभिभावकों की भीड़ उमड़ी थी। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार सहित अतिथियों ने बच्चों के साथ मिल श्रद्धा पूर्वक भगवान राम की पूजा-अर्चना करते हुए जय-जय श्री राम के जयकारा लगा स्कूल परिसर को गुंजमय कर दिया। आयोजित कार्यक्रम पर बच्चों द्वारा रामायण एकांकी की विभिन्न कला की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। साथ ही अन्य बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में सबको मुग्ध भी किया। वही मासूम बच्ची नित्या प्रकाश ने सबरी का रूप धारण कर --- राम आयेंगे तो आंगना सजाऊंगी-दीप जला के दिवाली मैं मनाऊंगी गीत की प्रस्तुति कर सभी लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर स्कूल की निदेशक रेणु सिंह ने कहा कि यह राम नवमी पर्व भगवान श्री राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वही राम महोत्सव कार्यक्रम में स्वर्ण प्रभाष, किशु , वैष्णवी गुप्ता, अंजली कुमारी, शिवांश मोदी, चित्रांशी रोल भी काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर प्रिंसिपल अनुज्ञा कुमारी शिक्षक पम्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, निशा कुमारी,आदित्य सिंह व बच्चों के अभिभावक राजू प्रकाश रंजन, चंदन कुमार, अवधेश सिंह, प्रियंका देवी, रेखा कुमारी सहित जसप्रीत, आयांश, तनिष्का, शिवांश, पीयूष अन्य लोग उपस्थित थें।

## सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव की सोमवार की देर रात की घटना

# संपत्ति हड़पने के लिए दरवाजे पर बैठे पिता-पुत्र को मारी गोली, बेटे की मौत

- इलाज के लिए अस्पताल लाने के दौरान युवक ने रास्ते में तोड़ा दम
- जख्मी पिता का आरा के अस्पताल में कराया जा रहा इलाज
- मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में सोमवार की देर रात दरवाजे पर बैठे पिता-पुत्र को अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। उसमें पुत्र की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बेटे को सीने, पेट और हाथ सहित चार जगहों पर पर गोली मारी गयी है। वहीं उसके पिता को बाईं पंजरी और दाहिने सीने में गोली लगी है। मृतक पेरहाप गांव निवासी कमलेश राय का 20 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार था। वह इंटर का छात्र था। जख्मी उसके पिता कमलेश राय हैं। प्रॉपर्टी डीलर है और गांव पर खेती करते हैं। कमलेश राय के अनुसार उनकी संपत्ति हड़पने के लिए दोनों की हत्या की साजिश की गई थी।

हत्या और गोलीबारी करने का आरोप पट्टीदारों पर लगाया गया है। घटना को लेकर गांव और आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए। घटनास्थल से एक पिस्टल और खोखा भी बरामद किया गया है। कमलेश राय ने बताया कि शनिवार की रात वह अपने बेटे के साथ घर के बाहर दरवाजे पर बैठे थे। तभी उनके पट्टीदार और कुछ पड़ोस के अन्य लोग हथियार से लैस होकर आ धमके और उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी। गोली लगने से दोनों पिता-पुत्र खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित भाग निकले। उसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उनके बेटे आदित्य कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।

कमलेश राय की ओर से संपत्ति हड़पने के लिए पट्टीदार प्रियांशु और पड़ोस के नंदू सोनू, विष्णु और छोटक राय सहित अन्य पर साजिश के तहत गोली मारने का आरोप लगाया गया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि आदित्य कुमार अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में मां चंदा देवी और बहन आरती देवी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां चंदा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### खेत में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से मची अफरा-तफरी, जांच में जुटी पुलिस

**दिनारा (रोहतास)।** स्थानीय पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव किया बरामद। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक अधेड़ व्यक्ति का शव थाना



क्षेत्र के भानपुर सिवान के खेत में सड़ा-गला अवस्था में पाया गया। जिस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। साथ ही स्थानीय पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति के शव को थाना लाकर कानूनी पंचनामा तैयार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के भानपुर सिवान के खेत से सड़ा गला करीब 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया । उन्होंने बताया कि मृतक थाना क्षेत्र के सेमरी निवासी राधेश्याम शर्मा बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने के उपरांत सौंप दी गई है।

# 50 हजार रुपए का इनामी अपराधी गिरफ्तार

- जिले का टॉप टेन अपराधी राम अवधेश सिंह उर्फ पंकज प्रियदर्शी घटना को अंजाम देने के लिए छुपा था

**केटी न्यूज/आरा**

गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित अन्य कांडों में वांछित पचास हजार के इनामी एक अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। वह उसी उसी थाना क्षेत्र के चौरसनी गांव निवासी अवधेश सिंह और पंकज प्रियदर्शी है। वह जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था। उसे मंगलवार की सुबह मलनाचक गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ गजराज गंज ओपी (उदवंतनगर थाने) में पांच मामले दर्ज हैं। एएसपी परिचय कुमार की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। बताया गया



कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि पचास हजार का इनामी अपराध कर्मी राम अवधेस सिंह उर्फ पंकज प्रियदर्शी किसी घटना को अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र में कहीं छुपा है। उस आधार पर उसकी गिरफ्तारी को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम में शामिल ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा, दारोगा राजाराम प्रसाद, कन्हैया कुमार, फौजदार भगत, एएसआई पंचानन कुमार और सुबोध कुमार ने सुबह पुलिस बल के साथ मलनाचक गांव के पास छापेमारी कर उसे दबोच लिया।

# दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में चार अपराधियों को न्यायालय ने पाया दोषी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

5 वर्ष पूर्व हुलासगंज बाजार के एक मिठाई दुकान संचालक रजनीकांत पांडे को 4 अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में चार अपराधियों को अंततः चार बर्ष पांच माह बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश 2 द्वारा दोषी करार दिया गया। गौरतलब है कि हुलास गंज बाजार स्थित नंदनी मिष्ठान भंडार में नशे में धूत चार अपराधियों द्वारा नाश्ता करने के बाद काउंटर मैन द्वारा पैसे की मांग करने पर पहले तो कांउटरमैन के साथ मारपीट की गई थी तथा इसी क्रम में बीच बचाव कर रहे संचालक रजनीकांत पांडेय को गोली मारी दी गई जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई थी। घटना में शामिल चारों अपराधियों की शिनाख्त दुकान में लगे विडियो फूटेज के आधार पर की गई थी।इस हत्याकांड में शामिल चारों अपराधियों में धीरज कुमार,ग्राम खौना,प्रभात कुमार एवं आदित्य पांडेय ग्राम कंदौल थाना



हुलास गंज तथा रौशन कुमार ग्राम मनीचक थाना इस्लामपुर के रहने वालो बताया गया है। इस हत्याकांड को लेकर हुलासगंज बाजार में दो दिनों तक व्यापारियों ने अपनी दूकाने दो दिनों तक बंद रखा था तथा इलाके के युवकों ने कैंडल मार्च निकालकर शोक संवेदना प्रकट की थी। इस मामले के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश 2 मो जावेद अहमद खां के द्वारा धारा 302 के तहत वादी एवं प्रतिवादी पक्ष के दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को चारों को दोषी ठहराया तथा 20अप्रैल को सजा सुनवाई की तिथि मुकर्रर की गई है।

# खेत में आग लगने से सैकड़ों बीघा की गेहूं फसल जलकर खाक



**केटी न्यूज/डेहरी**

थाना क्षेत्र के मथुरी पंचायत के सखरा गांव के बधार में लगी गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। इससे सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दो दर्जन से अधिक किसानों की फसल जल गई। मुफसिल थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मथुरी के भैसहा, डिलिया गांव के किसानों की खेत हैं । जिसमे मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से फसल में आग लग गई। जिससे ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग जलने की सूचना पर थानाध्यक्ष सहित दमकल कर्मी पहुंच कर स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।






केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 17 अप्रैल 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# अब तक हुए 17 चुनावों में 10 बार रहा चंद्रशेखर फैमली का कब्जा

तिलक कुमार/ बलिया

लोकसभा चुनाव का बिगुल पूरे देश में बज चुका है। बलिया भी इससे अछूता नहीं है। यहां से भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह के लड़के नीरज शेखर को मैदान में उतारा है, तो वहीं सपा ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बात करें बसपा की तो पार्टी ने यहां लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है। बिहार बार्डर पर लगना वाला ये लोकसभा सीट पिछले 17 लोकसभा चुनावों में 10 बार चंद्रशेखर फैमली के कब्जे में रही है। खुद स्वर्गीय चंद्रशेखर ने इस लोकसभा का 8 बार प्रतिनिधित्व किया है। वहीं नीरज शेखर भी यहां से 2 बार चुनाव जीते हैं।

इतिहासकार डॉ. शिवकुमार सिंह कौशिकेय बताते हैं कि 1952 के पहले लोकसभा चुनाव में ही बलिया ने अपना बागी तेवर दिखा दिया था। जब कांग्रेस के प्रत्याशी



पं. मदन मोहन मालवीय के सुपुत्र गोविन्द मालवीय को हराकर निर्दलीय प्रत्याशी स्वर्गीय मुरली मनोहर लाल को सांसद बनाया था। दूसरे लोकसभा चुनाव 1957 में कांग्रेस के स्व. राधा मोहन सिंह सांसद बने। तीसरी लोकसभा 1962 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में स्वर्गीय मुरली मनोहर लाल दूसरी बार भी सांसद निर्वाचित हुए। 1967 और 1971 चुनाव में कांग्रेस के स्व. चंद्रिका प्रसाद दो बार सांसद बने। आपातकाल के बाद 1977 के चुनाव में स्व. चंद्रशेखर भारतीय लोक दल से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के सांसद बने, लेकिन 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जगन्नाथ चौधरी ने उन्हें पराजित कर दिया।

### पूर्व प्रधानमंत्री ने किया 8 बार प्रतिनिधित्व

**बलिया।** 1989 के चुनाव में स्व. चंद्रशेखर पुन: बलिया से सांसद चुने गए और इसी दौरान 10 नवंबर 1990 से 20 जून 1991 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे। 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में स्व. चंद्रशेखर ने कुल आठ बार इस लोकसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया और जीवन प्रयन्त यहां से सांसद रहे।

### 2009 से अब तक के सांसदों का ये है इतिहास

**बलिया।** 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर सपा से सांसद बने, लेकिन 2014 के चुनाव में भाजपा के भरत सिंह ने हरा दिया। 2019 के चुनाव में यहां से भाजपा ने मिजार्पुर भदोही से सांसद रहे वीरेंद्र सिंह मस्त को चुनाव लड़ाया जो बहुत थोड़े अंतर 15,000 वोट से सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय से जीते थे।

### एक बार फिर नीरज शेखर हैं मैदान में



**बलिया।** वर्तमान में भाजपा ने स्व. चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया हैं। वहीं बसपा से यहां लल्लन सिंह यादव चुनाव मैदान में है।

## एक नजर

### बिजली की चिंगारी से लगी आग, 10 बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक

**चंदौली।** भीषण गर्मी व बढ़े तापमान ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।कोतवाली क्षेत्र के ने नेगुरा गांव के समीप मंगलवार को 33000



बोल्ट के तार आपस में टकरा गए। इससे निकले चिंगारी के कारण गेहूं की फसल में आग लग गई। छोटी सी विद्युत तार के टकराने से निकली चिंगारी ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसे चंदौली कोट के निवासी किसानों की 10 बीघे की गेहूं का फसल जलकर रख हो गई, लेकिन किसानों ने तत्परता दिखाते हुए कड़े मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

बताते हैं कि नगर पंचायत के कोट निवासी ओमप्रकाश सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह निर्मल सिंह जितेंद्र सिंह की खेती नागुरा गांव के समीप सिवान में है उक्त किसानों के खेत से 33000 वोल्ट का तार गुजरा हुआ है मंगलवार को किसी प्रकार आप इस टक्कर में बिजली की चिंगारी से किसानों की गेहूं फसल मैं आग लग गई। देखते-देखते ही यह विकराल रूप धारण कर लिया जब तक लोग मौके पर पहुंच पाते तब तक सभी किसानों के लगभग ढाई एकड़ में लगाई गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, वहीं आसपास किसानों गेहूं की फसल जल गई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद किसानों ने आप पर काबू पा लिया और इसके पहले किसानों ने कर फायर कर्मियों को सूचना दी लेकिन उसके पहुंचते पहुंचते किसानों आसपास की फसलों को बचाने में सफल हो गए अगर आग नहीं बुझ पाए तो उक्त सिवान की पूरी फसल गेहूं की जलकर राख हो जाती है। जिससे किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ती है। पीड़ित किसानों का कहना है कि जिला प्रशासन क्षतिपूर्ति हुई फसलों का तत्काल मुआवजा दे,ताकि हम लोगों को राहत मिल सके। तहसीलदार अजीत कुमार सिंह ने कहा कि लेखपाल के माध्यम से क्षतिपूर्ति का आकलन कर किसानों को जल्दी क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी।

### गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत डीएम ने 11 अभियुक्तों को दिया जिला बदर का आदेश

**बलिया।** जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में संलिप्त जनपद के ग्यारह अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए छह महीने के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का भी आदेश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया है कि आदेश तामीला की तिथि से सभी अभियुक्त तुरंत जनपद की सीमा से बाहर चले जाएं और 6 माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने यह भी कहा है कि बलिया की सीमा से बाहर जाने की सूचना अभियुक्तों को अपने संबंधित थानों पर देना होगा और यह भी बताना होगा कि वे कहां रह रहे हैं। साथ ही अभियुक्तों को यह भी आदेशित किया गया है कि वे अपने पास कोई भी आग्नेयास्त्र या आपत्तिजनक वस्तु नहीं रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे दोषियों पर आगे भी कार्रवाई होती रहेगी।

### पुलिस ने पीड़ित को दिलाए ठगी के 80 हजार

**चंदौली।** साइबर फ्राड करने वाले तरह-तरह के तरीके अपनाकर लोगों को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में अजय कुमार सिंह पुत्र अवधेश कुमार सिंह निवासी लालपुर थाना चकिया को मोबाइल पर बिना आवेदक के जानकारी के लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फ्राड करके फ्लिपकार्ट पर गिफ्त वाउचर के माध्यम से एक एसी, एक स्टेप्लाइजर, एक एन्ड्राएड व अन्य समान आर्डर किया गया तथा ओटीपी के माध्यम से कुल 80000 रुपये का फ्राड कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में पीड़ित अजय कुमार सिंह द्वारा फ्राड होने के सम्बन्ध में साइबर सेल जनपद चंदौली को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया। इसके बाद साइबर क्राइम थाना को त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी अजय कुमार सिंह को कुल 80000 धनराशि वापस कराई।

## खबरें फटाफट

### घुंघरूओं की खनक एवं तबले की ताप से खुश होती हैं मां काली

**चंदौली।** चहनियां क्षेत्र के मथेला स्थित मां काली मंदिर पर बुधवार को होने वाले रामनवमी की पूजा को लेकर कार्यकर्ता तैयारी में जुटे रहे । यहां बुधवार से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।मथेला स्थित काली मंदिर पर हर रामनवमी पर दो दिवसीय भव्य पूजन अर्चन का आयोजन होता है । यहां ऐसी मान्यता है कि मां काली घुंघुरुओं की खनक व तबले की थाप पर खुश होती है । माँ काली के समक्ष नर्तकियों का नाच होता है । ऐसा न हो तो गांव में भयंकर आपदा आ जाती है । इसी मान्यताओं व परम्पराओं का निर्वहन करते हुए दो दिन पहले से ही भव्य ढंग से कार्यकर्ता तैयारियां में लगे रहे । तैयारी करने वालो में अध्यक्ष राजेश चौरसिया, संस्थापक अंजली चौरसिया, पप्पू चौरसिया, निखिल त्रिपाठी, नितिन त्रिपाठी, दिलीप चौरसिया जोगी आदि कार्यकर्ता तैयारी में लगे रहे ।

### जसुरी गांव के सीवान में लगी आग, 15 बीघा जली गेंहू की फसल

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जसुरी गांव में बिजली के तार के टक्कर से निकली चिंगारी ने किसानों अरमान पर पानी फेर दिया। पांच किसानों का 15 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।किसानों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। इसमें देवी सिंह, कुशल सिंह, धरोहर सिंह, लल्लन सिंह व करीमन सिंह शामिल है। इन सभी किसानों के पांच-पांच बीघा शामिल है। सभी ने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग की।

## उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री ने भाजपा कार्यालय पर की प्रेसवार्ता

# 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार: दयाशंकर

♦ देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार

केटी न्यूज/बलिया

उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता की तथा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।

जिराबस्ती स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है।

मंत्री ने आगे कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार पंक्तियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। भाजपा प्रत्याशी निरज शेखर ने कहा कि संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्त का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। मोदी जी ने आश्वस्त किया है कि भारत को आगे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनायेगें।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी निरज शेखर, नागेन्द्र पाण्डेय, जयप्रकाश साहू,राजीव मोहन चौधरी, प्रदीप सिंह व पंकज सिंह उपस्थित रहे।






### विकासित भारत का संकल्प पत्र

संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिविशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट कार्ड, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मंत्री ने सरकार की वचनबद्धता को दोहराया।

## सुरक्षा बलों के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का निर्देश

♦ बड़ी गैस एजेंसी पर 50 व छोटी पर 30 घरेलू गैस सिलेंडर रखें सुरक्षित

केटी न्यूज/गाजीपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इस क्रम में जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू और प्रभावी है। संयुक्त सचिव खाद्य एवं रसद अनुभाग-7 लखनऊ के पत्र संख्या 220/29-7-2024 के तहत 15 अप्रैल 2024 एवं अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ द्वारा जारी निर्देश के तहत जनपद स्तर पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में केंद्रीय आर्म्स पुलिस बल के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के लिए आवष्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी चुनाव गाजीपुर के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के कार्य में लगे केंद्रीय आर्म्स पुलिस बल, एसएसी पुलिस, पीएसी, पैरा मिलीट्री, सीआरपीएफ/आरएएफ फोर्स, पीआरडी, होमगाड्र्स आदि सुरक्षा बलों के भोजन व्यवस्था के लिए उनकी मॉग पर घरेलू गैस उपलब्ध कराना होगा।

जनपद में कार्यरत प्रत्येक बड़ी घरेलू गैस एजेंसी पर निर्वाचन कार्य हेतु 50-50 सिलेंडर भरे हुए एवं ग्रामीण गैस एजेन्सियों पर 30-30 सिलेंडर भरे हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 की मतगणना समाप्ति तक आरक्षित किए जाते हैं। यह आरक्षित मात्रा एजेंसी के स्टाक में बराबर सुरक्षित रखी जाए ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित फोर्स के कार्मिकों के भोजन व्यवस्था के लिए आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। उक्त आरक्षित मात्रा का निस्तारण जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी/अधोहस्ताक्षरी के निदेर्शानुसार किया जाना है।जनपद की सभी संबंधित गैस एजेन्सियों को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त पुलिस बल को भोजन व्यवस्था के लिए घरेलू गैस की मांग किए जाने पर उन्हें नगद मूल्य पर नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गैस एजेंसी स्वामियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि अपने गैस एजेंसी पर उपर्युक्त मात्रा के अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस का भंडारण सुनिश्चित करें।

## निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को संतोषजनक नहीं मिली बूथों की स्थिति



केटी न्यूज/ चंदौली

जिलाधिकारी ने विकास खण्ड नियामताबाद स्थित बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों की स्थिति संतोषजनक प्राप्त न होने पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुवे तत्काल से कार्य प्रारम्भ कर सभी कमियों को दूर कराने को कहा तथा कार्यशैली सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय सरने के स्मार्ट क्लास सहित अन्य क्लास रूम को देखा तथा रूम के फर्श पर टाईल्स लगाने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय रामपुर में बिजली, पानी, शौचालय, टूटी खिड़की सहित अन्य कमियों को देख संबंधित को फटकार लगाते हुवे तत्काल कमियों को दूर करने हेतु ग्राम प्रधान को समय समय पर भ्रमण कर सभी समस्याओ को दूर करने के निर्देश दिए।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण देने का दिया निर्देश

# पेड न्यूज व विज्ञापन की जांच के लिए जिला स्तर पर दिया गया प्रशिक्षण

केटी न्यूज/गाजीपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिऐ प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया में पेड न्यूज, विज्ञापन, जॉच के मॉपदंड में सहयोग के लिए जिला स्तर पर गठित समिति एमसीएमसी में निर्वाचन कार्य की महत्ता को देखते हुऐ कार्मिकों को तैनात किया गया है। तैनात कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 अप्रैल 2024 को प्रभारी अधिकारी मीडिया राकेश कुमार की अध्यक्षता में एमसीएमसी कक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होने प्रिंट



मीडिया/इलेक्ट्रानिक मीडिया /सोशल मीडिया में विज्ञापन एवं पेड न्यूज के संबंध में जानकारी देते हुए कार्मिकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में धनंजय कुमार प्रजापति कम्प्यूटर आपरेटर सूचना विभाग, आमिर अंसारी लेखाकार्य एवं संदीप सरोज अनुसेवक सूचना विभाग, राजकुमार राम तकनीकी सहायक विकास खंड सदर -210, संजय कुमार वर्मा तकनीकी सहायक विकास खण्ड सदर-210, राम बचन सिंह तकनीकी सहायक विकास खण्ड सदर-210, रामराज कुशवाहा तकनीकी सहायक, विकास खंड करंडा-22, संजय सिंह तकनीकी सहायक विकास खण्ड करण्डा-221, आनंद कुमार सिंह (संविदा) तकनीकी सहायक विकास खण्ड बिरनों-209, रामभवन यादव, तकनीकी सहायक विकास खंड बिरनो-209, पवन कुमार वर्मा लेखा सहायक विकास खण्ड बिरनो-209, अखिलेश कुमार सिंह लेखा सहायक विकास खंड करण्डा-221 उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विजय कुमार तकनीकी सहायक विकास खंड करंडा द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।



### सीएम योगी ने नगीना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए की जनसभा

# पांच सौ साल बाद अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे श्री रामलला: योगी

- माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन कर उनकी कब्रों पर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता: योगी
- आरोप: कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हरवाया तो सपा ने दलितों के स्मारकों को तोड़वानों की बात कही थी
- बोले: हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य





केटी न्यूज/बिजनौर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। सीएम ने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी।

**भाजपा ने किया महापुरुषों का सम्मान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने 'भारत रत्न' देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया।

**तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी**

सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

**समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं**

सीएम ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं।

**ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता**

सीएम योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है, इसलिए ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने सभी मतदाताओं से मतदान करने व अन्य लोगों से भी करवाने का आग्रह किया। बोले कि वोट डालने जरूर जाना। इस अवसर पर फुलसंदा वाले बाबा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, भाजपा प्रत्याशी व विधायक ओम कुमार, विधायक अशोक राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



**कांग्रेस व सपा के कारण आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा**

सीएम योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।

**माफिया-अपराधियों की घरों पर जाकर पढ़ते हैं फातिहा**

सीएम योगी ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

## एक नजर

### लोकसभा सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निकाला गया मसाल जुलूस

**मऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी के नेतृत्व में मतदाता



जागरूकता मसाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस गाजीपुर तिराहे से प्रारंभ होकर आजमगढ़ मोड होते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर इसका समापन किया गया। मसाल जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों द्वारा आधी रोटी खाएंगे ,वोट देने जाएंगे, जन-जन को चेताना है मतदान प्रतिशत बढाना है, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान आदि नारे के साथ मसाल जुलूस में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारियो कर्मचारियों के साथ आमजन लोग सम्मिलित हुए।

### पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा, एक्सीडेंट नहीं, हरिकेश यादव की हुई थी हत्या



**बलिया।** 24 मार्च को पखनपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में जिस युवक की मौत हुई थी, मंगलवार की दोपहर गड़वार थाने की पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि युवक की मौत एक्सीडेंट में नहीं, बल्कि उसकी हत्या की गई थी। हत्यारोपी को भी नहर पुलिया रतसर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। 25 मार्च 2024 को वादी मुकदमा विजय शंकर यादव पुत्र स्व. हरगोविन्द यादव निवासी पखनपुरा द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि उनके पुत्र हरिकेश यादव (26) घर से खाना खाकर सोने के लिए डेरा पर जा रहा था, तभी गांव के बाहर नहर पटरी पर बीएसएनएल टावर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। पुलिस ने धारा 279, 304ए भादवि का अभियोग अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध पंजीकृत किया। विवेचना उप निरीक्षक संतोष यादव द्वारा सम्पादित की जा रही थी। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन व गवाहों के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त संजीत यादव पुत्र इन्ददेव यादव निवासी पखनपुरा थाना गड़वार का नाम प्रकाश में आया। फिर, धारा 279, 304ए भादवि को विलोपित कर धारा 302, 201 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।

### आजमगढ़ के बाइक सवार को दबंगों ने पीटा, बाइक तोड़ी, केस दर्ज

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत घटारों गांव में मंगलवार की दोपहर आजमगढ़ के तरवां थाना क्षेत्र के बहरा गांव निवासी विनायक यादव (25) जखनियां बाजार से सामान की खरीददारी कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। तभी घटारो गांव में छह से अधिक युवकों ने बाइक सवार को रोक कर उसकी लाठी- डंडे से जमकर पिटाई कर दी और बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल विनायक यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां में भेजा। पीड़ित विनायक यादव की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर धारा 147, 323, 506, 427 दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। कोतवाल तारावती ने कहा कि घायल युवक अब ठीक है आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### डीएम ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने जंगीपुर मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर साफ - सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की साफ- सफाई एव टूटे फूटे ईवीएम की मरम्मत न होने पर मंडी सचिव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल ससमय टूटे - फूटे की मरम्मत एवं साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त विधानसभा क्षेत्र के उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि आप अपने -अपने स्ट्रांग रूम की साफ-सफाई 30 अप्रैल तक करा लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार सदर, मण्डी सचिव, एवं निर्वाचन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जिला यूथ कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष बने माधवेंद्र मूर्ति ओझा

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी अध्यक्ष विशाल सिंह ने सदर विकासखंड के खुरूहुजख निवासी माधवेंद्र मूर्ति ओझा को जिला यूथ का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। जैसे ही जानकारी जनपद के कांग्रेसियों को होगी उनमें खुशी की लहर दौड़ पड़ी और लोगों ने बधाई दी और संघर्ष करने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि माधवेंद्र मूर्ति ओझा को जिला यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है इससे पार्टी काफी मजबूत होगी।

## स्कूली बस के धक्के से वृद्ध की दर्दनाक मौत



- मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, आर्थिक सहायता की मांग

**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत दरगाह - अमिला मार्ग पर चक विलायत के पास स्कूल बस के धक्के से एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। जिससेआक्रोशित परिजनों ने दरगाह-अमिला मार्ग पर मृतक के शव को सडक पर रख कर सडक जाम कर दिया। बाद में सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाम को समाप्त कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि एक निजी विद्यालय की बस प्रतिदिन सुबह दरगाह एवं आसपास के गाँव से बच्चों को लेकर स्कूल जाती है। मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे दरगाह-अमिला मार्ग पर चकविलायत के पास बस ने पीछे से दरगाह गाँव निवासी मोती राजभर पुत्र अलगू राजभर उम्र लगभग 65 वर्ष को टक्कर मार दिया। जिससे से बृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। बताया जा रहा है कि बस को बैक करते समय यह हादसा हुआ। शायद बस चालक पीछे से आ रहे बृद्ध को देख नहीं पाया और यह हादसा हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक मोती राजभर की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर थी। वह मजदूरी करके किसी प्रकार अपनी घर गृहस्ती चलाता था। स्थानीय लोगो ने उसे सरकार से आर्थिक सहायता की मांग किया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के इकलौते पुत्र गोविन्द राजभर का भी रो-रो कर बुरा हाल है।

## दूसरे दिन 2200 कार्मिकों का हुआ प्रशिक्षण



**जौनपुर।** जनपद में पीठासीन अधिकारी /प्रथम मतदान अधिकारी के प्रथम प्रशिक्षण में दूसरे दिन तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर में प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 2200 कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 27 कक्षों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रथम पाली में कुल 13 व द्वितीय पाली में 20 कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 18 कार्मिक, बैंकिंग सेवा से 02 कार्मिक, जिला विद्यालय निरीक्षक के 09 कार्मिक, चकबंदी विभाग, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा एवम कृषि विभाग के एक-एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई।

## पूर्वांचल यूनिवर्सिटी परिसर के पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि बढ़ी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित किया था। अब अब यह तिथि बढ़ाकर 20 मई 2024 कर दी गई है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फामेर्सी, मेकिनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

### अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक संपन्न

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी नंदकुमार ने बताया कि पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को विभागों हेतु निर्धारित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर कार्य योजना तैयार कर



अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले विभागों की प्रशंसा करते हुए अन्य विभागों को भी अपना उत्तरदायित्व समझते हुए पूरे मनोयोग से कार्य करने को कहा। घर-घर पर दस्तक अभियान की समीक्षा के दौरान आशाओं द्वारा विकासखंड बडरांव, फतेहपुर मंडाव, कोपागंज एवं रतनपुरा ने शत प्रतिशत फैमिली विजिट करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए अन्य विकास खण्डों में भी सीघ्र ही शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ विकास खण्डों में आशाओं द्वारा संतोषजनक कार्य न करने पर उन्होंने संबंधित चिकित्सा अधीक्षको को प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर कार्यों को पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा फतेहपुर मंडाव, कोपागंज, मोहम्मदाबाद गोहना एवं रतनपुरा में शत प्रतिशत कार्य किए जाने पर उन्होंने शेष अन्य विकास खण्डों में भी शीघ्र ही निर्धारित कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण कर लेने को कहा जिससे घर-घर पर दस्तक अभियान की सफलता सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर पर दस्तक अभियान से जुड़े समस्त जनपद एवम् ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खुद पर विश्वास कर अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पूरे मनोयोग से अभियान की सफलता हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि जो भी कार्य कराये जा रहे हैं उन कार्यों का डाटा पोर्टल पर अवश्य फीड कराये जिससे कार्यों की प्रगति स्पष्ट हो सके।




# सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा...

-राकेश अचल

भारत की राजनीति में पिछले सात दशक से लगातार प्रासंगिक बने हुए ग्वालियर के सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा ,लेकिन राजनीतिक मैदान नहीं छोड़ा। आजादी के बाद सिंधिया परिवार की अंतिम राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया राजनीति में उतरने वाली पहली महिला थी। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और गृहमंत्री सरदार वल्ल्भ भाई पटेल कांग्रेस में लेकर आये थे। राजमाता विजया राजे सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 1957 में गुना लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकिट पर ही जीता था।



राजमाता विजया राजे सिंधिया कांग्रेस में ज्यादा नहीं टिकीं। एक दशक में ही उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया। 1967 में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र से अनबन के बाद उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर दी और कांग्रेस सरकार गिर गय। राजमाता जनसंघ में शामिल हो गयीं। वैसे भी उनका आराम्भिक झुकाव हिन्दू महासभा की और था। राजमाता ने पहला विधानसभा चुनाव भी 1967 में ही लड़ा था। राजमाता विजया राजे सिंधिया मुमकिन था कि अजेय रहतीं लेकिन आपातकाल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ उनका क्रोध सातवें आसमान पार था। वे अपनी पार्टी की समझाइश के बावजूद हठपूर्वक रायबरेली से श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़ीं और हार गयीं। भरपाई के लिए जनसंघ ने उन्हें १९७८ में राज्य सभा भेजा । अन्यथा राजमाता ने 1957 के बाद 1962 ,71 ,89 , 1991 ,96 ,98 ,99 में लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीतीं। पराजय का स्वाद चखने वाली राजमाता सिंधिया परिवार की पहली सदस्य थीं। ग्वालियर के सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी में राजमाता के पुत्र माधवराव सिंधिया और वसुंधरा राजे सिंधिया ने राजनीति में कदम रखा। माधवराव सिंधिया ने अपने जीवनकाल में लोकसभा के 9 चुनाव लड़े और सभी में विजय हासिल की। माधवराव सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 26 साल की उम्र में गुना से जनसंघ के टिकिट पर लड़ा और जीते । आपातकाल के बाद 1977 का चुनाव माधवराव ने निर्दलीय लड़ा और जीत हासिल की। 1980 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए और गुना से ही लोकसभा का चुनाव जीते । 1984 में कांग्रेस ने उन्हें उनके गृहनगर ग्वालियर सीट से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया । इस चुनाव में उन्होंने भाजपा के सबसे बड़े नेता और राजमाता के विश्वसनीय सहयोगी अटल बिहारी बाजपेयी को प्रचंड बहुमत से हराया । माधवराव सिंधिया ने ग्वालियर से 1998 तक सभी चुनाव लड़े और जीत। उन्हें 1996 में एक चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ना पड़ा क्योंकि कांग्रेस ने उन्हें हवाला कांड के बाद पार्टी से बाहर कर दिया था। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने उन्हें वाकओव्हर दे दिया था। राजमाता के अस्वस्थ होने और ग्वालियर में जन समर्थन में आयी गिरावट के बाद माधवराव सिंधिया 1999 में गुना सीट पर वापस लौट गए। उन्होंने 1999 और 2002 तक गुना का ही प्रतिनिधित्व किया किन्तु अजेय बने रहे। लेकिन उनके साथ ही उनकी बहन वसुंधरा राजे अजेय होने का कीर्तिमान नहीं रच सकीं । वसुंधरा राजे को अपने पहले ही लोकसभा चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा । उन्होंने पहला लोकसभा चुनाव १९८४ में मध्यप्रदेश की भिंड सीट से लड़ा था। इंदिरा लहर में उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी और दतिया के राजा कृष्ण सिंह ने 88 हजार मतों से पराजित किया था। प्रथम ग्रासे मच्छिका पात होने के बाद वसुंधरा राजे ने मध्यप्रदेश की राजनीति से विदाई ले '। वे राजस्थान चलीं गयीं और उन्होंने 1985 में धौलपुर से विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा और जीती। वसुंधरा राजे सिंधिया बाद में 1989 ,91 ,96 ,98 ,और 99 में लोकसभा के लिए चुनी गयीं। बादमें भाजपा ने उन्हें राजस्थान की राजनीति में इस्तेमाल किय। वसुंधरा राजे ने 2003 ,2008 ,2013 और 2018 में राजस्थान विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा और जीतीं। वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री भी रहीं ।इन दिनों वे हासिये पर हैं। वे अपने भाई माधवराव सिंधिया की तरह अजेय नहीं रह पायी। सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी की एक और महिला सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया भी हैं। वे भी अपने भाई माधवराव सिंधिया की ही तरह अजेय ही राजनीति से रिटायर हो गयीं। वे बहुत देर से यानि 1998 में राजनीति में आयीं । उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव 1998 में शिवपुरी से लड़ा हालांकि वे पहला चुनाव गुना से लोकसभा का लड़ना चाहतीं थीं । यशोधरा राजे ने 2003 ,2013 ,2018 में भी शिवपुरी से विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीता । वे 2007 और 2009 में ग्वालियर से लोकसभा के लिए भी चुनाव लड़ीं और जीती। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया। क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने उनकी नहीं सुनी। न उन्हें टिकिट दिया और न उनके बेटे को टिकिट दिया । यशोधरा राजे दरअसल अपनी माँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया की राजनीतिक विरासत की उत्तराधिकारी बनना चाहतीं थीं ,इसीलिए उन्होंने सबसे पहले गुना से लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बनाया था किन्तु उनके भाई माधवराव सिंधिया और बाद में भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐसा होने नहीं दिया। राजमाता के निधन के बाद खुद मश्वराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना आ गए थे और बाद में उनके निधन के बाद गुना लोकसभा सीट पर उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कब्जा कर लिया। सिंधिया परिवार की तीसरी पीढी के प्रतिनिधि ज्योतिरादित्य सिंधिया है। वे अपने पिता माधवराव सिंधिया की आकस्मिक मृत्यु के बाद 2002 में राजनीति में आये ।उन्होंने कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते । वे 2004 ,2009 ,2014 में भी कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से चुनाव लड़े और अजेय बने रहे किन्तु 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें घेर कर पराजय का मुंह दिखा दिया। यानि सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि भी अजेय नहीं रह सके । मजे की बात ये है कि जिस भाजपा ने उन्हें 2019 में पराजय का स्वाद चखने पर विवश किया था,आज 2024 के चुनाव में वे उसी भाजपा के प्रत्याशी की हैसियत से लोकसभा का चुनाव गुना से लड़ रहे हैं। अब वे हारें या जीतें इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला क्योंकि पराजय तो उनके दमन का अभिन्न अंग बन चुकी है।

सिंधिया पारिवार की चौथी पीढ़ी के महाआर्यमन सिंधिया जो की ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे हैं राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार हैं। मुमकिन है की उन्हें 2029 में ग्वालियर या गुना से भाजपा के ही टिकिट पर राजनीति में प्रवेश कराया जाये। सिंधिया प्रियवर की प्रासंगिकता शोध का विषय भी हो सकती है।

## सुभाषितम्

## इजरायल ईरान युद्ध की आशंका से शेयर बाजार में निवेशकों के लाखों करोड़ डुबे

इजराइल और ईरान युद्ध की आहट और आशंका के चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। भारतीय शेयर बाजार में एक दिन के अंदर 8.21 लाख करोड़ रुपए निवेशकों के डूब गए हैं। इजराइल और ईरान के बीच जिस तरह से तनातनी बढ़ रही है। अमेरिका और यूरोप के देश इजराइल के समर्थन में एकजुट हैं। वहीं ईरान के समर्थन में रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के एकजुट होने से तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया भयाक्रान्त हैं। भारत के शेयर बाजार में इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। दुनिया में भारत का शेयर बाजार ही ऐसा बाजार था, जो बेलगाम घोड़े की तरह भाग रहा था। शेयर बाजार को नियंत्रित करने वाले अडानी और अंबानी भी इस घाटे से नहीं बचे। सेंसेक्स और निफ्टी बुरी तरह से टूट कर बंद हुआ। 75000 की छलांग लगाने वाला सेंसेक्स 73400 के स्तर पर बंद हुआ। इस कारण भारतीय निवेशकों के 8.1 लाख करोड रुपए कुछ ही घंटे के अंदर स्वाहा हो गए। इजराइल- हमास युद्ध में ईरान के शामिल हो जाने के कारण, मिडिल ईस्ट के देशों में तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यही तनाव दुनिया के अन्य देशों के बीच देखने को मिलने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को इस तनाव को कम करने के लिए, जिन महाशक्तियों के माध्यम से शांति कराने के प्रयास करने थे, वही शांति के स्थान पर अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से मिडिल ईस्ट के देशों के साथ तनाव बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन मिसाइल से हमला किया। इसके पहले ईरान की सेना के अधिकारियों की दूतावास में हत्या के बाद से यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक जरूर बुलाई है। इस बैठक को संबोधित करते हुए ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने कहा, ईरान अपनी आत्म रक्षा के अधिकार का प्रयोग करेगा। ईरान ने कहा वह किसी भी हमले और आक्रामकता का मुंह तोड़ जवाब देगा। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा जवाबी हमले की धमकी दी गई है। इजरायल मंत्रिमंडल की युद्ध कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें इजरायल द्वारा कहा गया, कि वह ईरान से इजराइल पर किए गए हमले की कीमत वसूलेगा। देर सबेरे इजरायल बदला जरूर लेगा। पिछले कई माह से रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। नाटो देशों ने रूस को अपना निशाना बनाया हुआ है। रूस और यूक्रेन के लाखों लोग इसके शिकार हुए हैं। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच में भी पिछले कई माह से घातक युद्ध चल रहा है। हजारों निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। उसका भी मुख्य कारण है, जिन महाशक्तियों को इस युद्ध को रोकने के लिए पहल करनी चाहिए थी, वही तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय जगत में अब ऐसा कोई देश या राजनेता नहीं है, जो तृतीय विश्व युद्ध को रोकने के लिए आगे आए। दुनिया के देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बात को मानते हुए शांति बनाए रखने के लिए फैसला कर सकें। इजराइल और फिलीस्तीन के युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो प्रस्ताव पास किए गए। उनका पालन नहीं हुआ। अमेरिका, चीन, रूस जिस तरह से आग में घी डालने का काम कर रहे हैं, वह सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गया है। सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से आणविक और एटम बम के साथ अत्याधुनिक हथियारों के बल पर तृतीय विश्व युद्ध के लड़ने की तैयारी की जा रही है। इसकी आशंका मात्र से दुनिया भर के देशों के नागरिकों में अज्ञात भय देखा जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त हुए करीब 80 वर्ष हो चुके हैं। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही भी सारी दुनिया के देशों को पता है। 80 वर्षों में जो विकास सारी दुनिया के देश कर पाए थे। इस विकास को नष्ट करने में दुनिया के शक्तिशाली देश लग गए हैं। इससे आम नागरिकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। 1993 से सारी दुनिया के देश का एक दूसरे के साथ व्यापार संधि को लेकर समझौता किया। यह माना जा रहा था, कि इससे एक नए वैश्विक युग की शुरूआत होगी।

## चिंतन-मनन

## प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता - पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

-योगेश कुमार गोयल

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।



विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें ह्यमयार्दा पुरूषोत्तमह्न कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी ह्यआदर्शह्न शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को ह्यरामराज्यह्न कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

## भ्रष्टाचार क्यों होता है

- संजय गोस्वामी

भ्रष्टाचार से बचना है तो लोभ को त्याग दें दो पैसा मेहनत से मिलता है उसी में खुश रहें आज बड़े बड़े नेताओं का जेल में जाने का ताँता लगा हुआ है क्योंकि उसने जो शपथ लिए वो गलत है भ्रष्टाचार का मुख्य कारण लोभ है लोभ, लालच सत्ता में बने रहने की लालसा हीं आपको पतन का राह दिखाती है भारत एक लोकतान्त्रिक देश है जिसमें अधिकांश लोग गरीब है दो वक़्त की रोटी के लिए मारा मारा और कड़ी मेहनत करते है आप टैक्स के रूप में उनसे लेते हैं अतः ऐ तो जनता का पैसा है जो मेहनत का है उसे पचा नहीं सकते यदि गरीब हमेशा मेहनत की कमाई पर विश्वास रखता तो नेताओं को भी घोटाला करने की जरुरत हीं क्या है इतना तो समझ आना चाहिए भूले भटके मजबूरी में यदि किसी दुकान में चोरी करते पाया जाता है तो जेल में लोग डाल देते हैं और पिटाई भी होती है अतः यदि गरीब जनता भ्रष्टाचार नहीं करती तो नेताओं को जरुरत क्या है गलत काम करने कि यदि भस्टाचार करता तो अमीर नहीं बन जाता, उस्त्रो कहा जाता है कट्टर ईमानदार मनुष्य के जीवन के पराभव का पतन द्वार है। षड्विकारों में लोभ मनुष्य के जीवन का ऐसा मानसिक विकार है, जो उसके उत्कर्ष में बाधा डालता है। लोभी व्यक्ति आचरण से हीन हो जाता है वह अपने स्वाभिमान को भुलाकर किसी कामना के वशीभूत होकर चाटुकार बन जाता है, उसका अपना व्यक्तित्व नष्ट हो जाता है और किसी से कुछ पाने की आशा में अपना सब कुछ गंवा देता है। लोभी व्यक्ति का चारित्रिक पतन हो जाता है। लोभ राजनीति का हो, किसी ऊंचे पद का हो, अर्थ प्राप्ति का हो, वासना के वेग का हो या किसी भी प्रकार से किसी से कुछ पाने की लालसा का हो, ठीक नहीं है। एक क्षणिक प्यास की तरह है जिसकी पूर्ति के लिए मनुष्य अनैतिक बन जाता है और गलत-काम करने लगता है। वह भूल जाता है कि उसके जीवन की कुछ मयार्दाएं भी हैं। हम अपने जीवन में ऐसा ही अनुभव करते हैं कि थोड़े से सुख, थोड़े से लाभ, एक-आध ऊंची कुर्सी पाने के लिए ऐसे लोगों के पैर छूने लगते हैं जो स्वयं चारित्रिक दृष्टि से गिरे होते हैं। जब हम लोभ करते हैं, तो हमारा पूरा व्यक्तित्व दीन, हीन और दरिद्र बनकर खड़ा हो जाता है जिससे हमारी अपनी जीवनशक्ति शरीर में हो रहे जैविक परिवर्तन से बुरी तरह आहत होने लगती है और हमारे जीवन में जो स्वाभिमान की ऊर्जाशक्ति है वह दासत्व ग्रहण करने लगती है। लोभी व्यक्ति अपनी सारी मयार्दाओं और नैतिक मूल्यों को छोड़कर स्वयं स्वीकार करने लगता है कि हम दूसरी पंक्ति में खड़े लोग हैं, हम दूसरे की जयकार बोलनेवाले हैं और भाट की तरह दूसरे की प्रशस्ति के गीत गाने वाले लोग हैं। ऐसे लोग कभी भी समाज को दिशा नहीं दे सकते न ही खुद की उन्नति करने में सफल हो सकते हैं। लोभी व्यक्ति मान लेते हैं कि हमें अपने जीवन में नेतृत्व नहीं करना है, पीछे की पंक्तियों में खड़ा होना है, इसीलिए लोभी व्यक्ति लोभपूर्ति के लिए किसी भी व्यक्ति के सामने पूंछ डुलाते हुए खड़ा हो जाता है, वैसा व्यक्ति कभी भी शासक नहीं हो सकता है नहीं तो अंधेर नगरी चौपट राजा टके शेर भाजी टके शेर खाजा।

## आज का राशिफल

**मेष** करियर के मामले में फायदे का दिन है। आपकी आय में वृद्धि होगी। कारोबार से जुडी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला** आपकी धन समृद्धि में वृद्धि होगी। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी।

**वृषभ** आज दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। आज आपको राजनीति के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** दिन काफी व्यस्तता से भरा रहेगा। आज का दिन किसी बीमारी की जांच करने में बीतेगा।

**मिथुन** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु खो सकती है।

**धनु** आज आपकी काफी प्रशंसा होगी। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके की तारीफ होगी।

**कर्क** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं।

**मकर** दिशा की कमी महसूस कर सकते हैं। अपना फोकस काम पर रखने की सख्त जरूरत है।

**सिंह** आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार सफल होंगे।

**कुंभ** मतभेदों से आमना सामना करना पड़ सकता है। जिसके कारण आप असहज महसूस करेंगे।

**कन्या** रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** आज का दिन व्यस्त और खुशहाल दिन रहने वाला है। आज आपके सामने कई नए अवसर आएंगे।

## विशेष

### 400 पार का दावा, 273 पार करेगी भाजपा?

2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 189 सीटें उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात हरियाणा हिमाचल उत्तराखंड जम्मू मिल गई थी। 2019 के मुकाबले में 2024 मे इन्हीं राज्यों में भाजपा की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। यदि विपक्ष को यहां से 25- 30 सीटें भी मिल गई, तो भाजपा को 273 पार कर पाना मुश्किल हो जाएगा।पहले चरण का मतदान होने जा रहा है।इन राज्यों में जिस तरह का माहौल मतदाताओं और भाजपा के कार्यकताओं के बीच देखने को मिल रहा है। उसके कारण एक अलग तरह की घबराहट भाजपा में देखने को मिलने लगी है।

### महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बना चुनाव का मुख्य मुद्दा

अभी तक तो राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेता महंगाई और बेरोजगारी को चुनावी मुद्दा बना रहे थे। भाजपा इससे बच रही थी। अब लोक नीति के सर्वेक्षण ने सरकार और भाजपा की मुसीबत को बढ़ा दिया है।सरकार की ओर से सीएसडीएस द्वारा यह सर्वेक्षण कराया जाता है। इस सर्वेक्षण में 71फीसदी लोगों ने महंगाई को मुख्य मुद्दा माना है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को मतदाताओं ने इसके लिए दोषी माना है। 62 फीसदी लोगों ने सर्वेक्षण में माना है, कि बेरोजगारी पिछले वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1799: अंग्रेजों ने श्रीरंगपट्टणम की नाकेबंदी की. 1946: फ्रांस की आखिरी सैन्य डुकड़ी की वापसी के साथ सीरिया स्वतंत्र हुआ. 1968: अमेरिका ने एशिया के गैर कम्युनिस्ट देशों को संरक्षण देने की घोषणा की. 1973: कंबोड़िया के राष्ट्रपति लोन नोल ने इस्तीफा दिया. 1975: कम्युनिस्टों ने कंबोडिया पर कब्जा किया. 1975: भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का निधन. 1983: रोहिणी उपग्रह को एस. एल. बी. 3 राकेट ने कक्षा में स्थापित किया. 1989: अफगानिस्तान की फौजों ने विद्रोहियों की महत्वपूर्ण जमीनी मार्गों से हटा दिया. 1992: रूसी सांसदों ने हथियार नियंत्रण अधिनियम को मंजूरी देने से इंकार कर दिया. 1992: उज्जैन में सिंहस्थ कुम्भ मेला प्रारम्भ. 1996 चेचेन विद्रोहियों के हमले में रूस के 26 सैनिक मरे और 54 अन्य घायल हुए.

## दैनिक पंचांग

17 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.11 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.09 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.23 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.39 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.51 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.01 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.16 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.32 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.37 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कुंभ | 02.24 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 03.56 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 108 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 15.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा अहोरात्र।
**योग** शूल 23.51 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 15.15 बजे तदनन्तर तैतिल 04.21 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 34'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871952
**जूलियन दिन** 2460417.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 07
**विशेष** राम नवमी, श्री रामचरित मानस जयंती, स्वामीनारायण जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



शाही सियासत

प्रदेश की सत्ता में इनकी पकड़ कायम है। कई पूर्व राजपरिवार तो ऐसे हैं, जिनके हिसाब से पार्टियां टिकट तय करती है। हालांकि इन पूर्व राजपरिवारों के सदस्य खुद चुनावी राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन मतदाताओं में अब भी इनका प्रभाव है। वहीं कुछ पूर्व राजपरिवारों के सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं। बड़ा सच यह भी है कि इनकी आस्था समय के साथ बदलती रही है। आजादी के बाद प्रदेश के अधिकांश पूर्व राजपरिवारों ने पहले स्वतंत्र पार्टी को समर्थन दिया तो बाद में भाजपा और कांग्रेस के साथ होते गए।

# कायम है राजपरिवारों का सियासी प्रेम



(नरेन्द्र शर्मा)

आजादी के बाद देश के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान के पूर्व राजपरिवारों की सत्ता लोकतांत्रिक सरकारों के हाथों में है लेकिन अब भी करीब एक दर्जन पूर्व राजपरिवार ऐसे हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राजस्थान की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रदेश की सत्ता में इनकी पकड़ कायम है। कई पूर्व राजपरिवार तो ऐसे हैं, जिनके हिसाब से पार्टियां टिकट तय करती हैं। हालांकि इन पूर्व राजपरिवारों के सदस्य खुद चुनावी राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन मतदाताओं में अब भी इनका प्रभाव है। वहीं कुछ पूर्व राजपरिवारों के सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं। बड़ा सच यह भी है कि इनकी आस्था समय के साथ बदलती रही है। आजादी के बाद प्रदेश के अधिकांश पूर्व राजपरिवारों ने पहले स्वतंत्र पार्टी को समर्थन दिया तो बाद में भाजपा और कांग्रेस के साथ होते गए।

## विधायक से सीएम बने राजघराने के दिग्गजों को ...

- **गायत्री देवी ने मजबूत की थी स्वतंत्र पार्टी की जड़ें-** पूर्व राजपरिवारों की आस्था समय के साथ बदलती रही है। जयपुर की पूर्व दिवंगत राजमाता गायत्री देवी स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर 1962, 1967 और 1971 में सांसद बनी। हालांकि 1971 के बाद उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ स्वतंत्र पार्टी की जड़ें मजबूत करने में गायत्री देवी की बड़ी भूमिका रही।
- **डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी राज परिवार से-** गायत्री देवी के पुत्र दिवंगत भवानी सिंह ने 1989 में जयपुर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा पर जीत नहीं पाए। भवानी सिंह पुत्री दीया कुमारी वर्तमान में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री हैं। इससे पहले वे एक बार सवाईमाधोपुर से विधायक और राजसमंद से सांसद रह चुकी हैं।
- **धौलपुर राजपरिवार से वसुंधरा का नाता-** धौलपुर पूर्व राजपरिवार की सदस्य वसुंधरा राजे दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा झालावाड़ से पांच बार सांसद निर्वाचित हुई। खुद प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हुई तो पुत्र दुष्यंत सिंह को लोकसभा का चुनाव लड़वाया। चार बार सांसद रहे दुष्यंत पांचवी बार भी मैदान में हैं।
- **सियासत में कोटा राजपरिवार-** अलवर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य महेंद्र कुमारी भाजपा के टिकट पर एक बार सांसद रहीं, लेकिन उनके पुत्र जितेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल होकर दो बार सांसद बने। अभी कांग्रेस के राष्टीय महासचिव हैं।

कोटा पूर्व राजपरिवार के सदस्य बृजराज सिंह दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद रहे। उनके बेटे इज्येराज सिंह भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते। वर्तमान में उनकी पत्नी कल्पना देवी भाजपा की विधायक हैं।


- **पांच बार सांसद रहे करणी सिंह-** बीकानेर पूर्व राजपरिवार के करणी सिंह पांच बार सांसद रहे, वर्तमान में उनकी पौत्री सिद्धी कुमारी विधायक हैं। भरतपुर पूर्व राजपरिवार के विश्वेंद्र सिंह पहले भाजपा में रहे और फिर कांग्रेस से विधायक बन कर अशोक गहलोत सरकार में मंत्री थे।

विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह भाजपा से सांसद रही हैं। विश्वेंद्र सिंह के दिवंगत चाचा मानसिंह निर्दलीय विधायक रहे और उनकी चचेरी बहन कृष्णेंद्र कौर भाजपा से विधायक व वसुंधरा सरकार में मंत्री रही हैं।

- **राजनीति में ये राजपरिवार भी-** जोधपुर पूर्व राजपरिवार की सदस्य चंद्रेश कुमारी कांग्रेस से सांसद रही हैं। डूंगरपुर पूर्व राजपरिवार के सदस्य हर्षवर्धन सिंह भाजपा से राज्यसभा सांसद थे। उदयपुर पूर्व राजपरिवार के महाराणा महेंद्र सिंह पहले सांसद रहे तो वर्तमान में उनके पुत्र विश्वराज सिंह विधायक हैं।खींवसर पूर्व राजपरिवार के सदस्य गजेंद्र सिंह प्रदेश की भाजपा सरकार में चिकित्सा मंत्री हैं। इससे पहले डूंगरपुर,बांसवाड़ा और सीकर के पूर्व राजपरिवारों ने भी समय-समय पर पार्टियों के प्रति अपनी आस्था बदली है।

## इनका भी है महत्व

जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह राजनीति में सक्रिय नहीं हैं लेकिन लोकसभा व विधानसभा चुनाव में उनकी निर्णायक भूमिका रहती है। पार्टियां टिकट तय करते समय उनकी सलाह को महत्व देती हैं। वहीं मतदाता भी उनके प्रति आस्था रखते हैं।



# कैसे खड़ी हो पाएगी कांग्रेस?

गौरव वल्लभ से पहले टीवी डिबेट्स पर कांग्रेस का दमदार पक्ष रखने वाले जयवीर शेरगिल और शहजाद पूनावाला बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, और अब उसके पक्ष में बाते करते हैं। इन तीनों ही नेताओं की गिनती टीवी डिबेट्स पर बीजेपी नेताओं से कठिन सवाल वाले प्रवक्ताओं में होती थी। गुरुवार को बीजेपी में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में गौरव वल्लभ ने कहा कि वह सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते हैं और वेल्थ क्रिएटर्स को गाली नहीं दे सकते। आपको बता दें कि कांग्रेस में अपनी पारी के दौरान गौरव वल्लभ ने झारखंड और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## 'स्टैंड' रखने वाले ही छोड़ रहे पार्टी

टीवी चैनलों पर कांग्रेस पार्टी का पक्ष रखने वाले गौरव वल्लभ गुरुवार को बीजेपी में शामिल हो गए। वैसे तो बीजेपी लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं को तोड़कर उसे हर लेवल पर झटके दे रही है लेकिन अब गौरव वल्लभ को अपने साथ मिला भगवा खेमे ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वो विरोधियों को कहीं भी दमदार तरीके से खुद को अपना स्टैंड (पक्ष) नहीं रखने देगी। गौरव वल्लभ से पहले टीवी डिबेट्स पर कांग्रेस का दमदार पक्ष रखने वाले जयवीर शेरगिल और शहजाद पूनावाला बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, और अब उसके पक्ष में बाते करते हैं। इन तीनों ही नेताओं की गिनती टीवी डिबेट्स पर बीजेपी नेताओं से कठिन सवाल वाले प्रवक्ताओं में होती थी। गुरुवार को बीजेपी में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में गौरव वल्लभ ने कहा कि वह सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते हैं और वेल्थ क्रिएटर्स को गाली नहीं दे सकते। आपको बता दें कि कांग्रेस में अपनी पारी के दौरान गौरव वल्लभ ने झारखंड और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## रीता बहुगुणा जोशी से शुरू हुआ सिलसिला



गौरव वल्लभ से पहले साल 2022 में जयवीर शेरगिल बीजेपी में शामिल हुए थे। वह लगभग एक दशक तक कांग्रेस में रहे। गौरव वल्लभ से पहले साल 2016 में रीता बहुगुणा जोशी बीजेपी में शामिल हुई थीं। साल 2019 में प्रियंका चतुर्वेदी शिवसेना में शामिल हो गई थीं।

## क्यों कांग्रेस छोड़ रहे प्रवक्ता?

कांग्रेस छोड़ने वाले ज्यादातर प्रवक्ताओं ने पार्टी छोड़ने की वजह लीडरशिप द्वारा अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से दूरी को बताया। शेरगिल ने कहा कि उन्होंने करीब एक साल तक गांधी परिवार से मुलाकात की कोशिश की। पूनावाला ने कहा कि उन्हें वंशवाद के खिलाफ बोलने के लिए मना किया गया। इससे पहले उन्होंने राहुल गांधी को कांग्रेस के लिए उनके दृष्टिकोण पर एक टीवी बहस की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा, हमारा मूल्यांकन योग्यता के आधार पर किया जा सकता है, सरनेम के आधार पर नहीं। रीता बहुगुणा जोशी ने पार्टी छोड़ते समय कहा था कि सोनिया गांधी सीनियर नेताओं की सुनती थीं और उन्हें काम करने के लिए फ्री हैंड देती थी लेकिन राहुल गांधी की लीडरशिप में ऐसा नहीं होता। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के कुछ नेताओं पर गलत व्यहार के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस उन्हें दूसरा मौका देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## कांग्रेस के नैरेटिव को लगा झटका

गौरव वल्लभ के जाने से कांग्रेस के पीआर कैंपेन को बड़ा झटका लगा है। यह झटका इसलिए और भी बड़ा है क्योंकि कांग्रेस सुप्रिया श्रीनेता वैसे भी कंगना रनौत पर पोस्ट को लेकर आलोचना झेल रही हैं। इससे पहले पवन खेड़ा भी पीएम मोदी और रणदीप सुरजेवाला हेमा मालिनी को लेकर अपने बयान के कारण विवादों में रह चुके हैं।



# बीजेपी अलग नहीं

## राजघरानों को मिल रही खास तवज्जो, हाथों-हाथ दिए टिकट

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है। इस संख्या को पाने के लिए बीजेपी कई रणनीतियों पर काम कर रही है। इन्हीं रणनीतियों में से एक है जिताऊ उम्मदीवारों को सियासी रण में उतारना। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में राजघरानों से संबंध रखने वाले 10 से ज्यादा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

ओडिशा में बीजेपी ने राजघरानों से संबंध रखने वाले दो लोगों को अपना प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी ने पटनागढ़-बोलांगीर से लोकसभा सीट संगीता कुमारी सिंह और कालाहांडी लोकसभा सीट से मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

संगीता की शादी कनकवर्धन सिंह देव से हुई है। उनका परिवार लंबे समय से सियासत से जुड़ा हुआ है। कनकवर्धन के दादा राजेंद्र नारायण सिंह देव स्वतंत्रता पार्टी के सदस्य थे। वह 1967 में एंटी कांग्रेस वेव के दौरान राज्य के सीएम बने। संगीता बोलांगीर से बीजेपी के मौजूदा सांसद हैं। वह 1998,1999 और 2004 में चुनाव जीत चुकी हैं। हालांकि उन्हें 2014 और 2009 में अपने पति के चचेरे भाई और बीजद प्रत्याशी कलीकेश सिंह देव से हार का सामना करना पड़ा।

संगीता की शादी कनकवर्धन सिंह देव से हुई है। उनका परिवार लंबे समय से सियासत से जुड़ा हुआ है। कनकवर्धन के दादा राजेंद्र नारायण सिंह देव स्वतंत्रता पार्टी के सदस्य थे। वह 1967 में एंटी कांग्रेस वेव के दौरान राज्य के सीएम बने। संगीता बोलांगीर से बीजेपी के मौजूदा सांसद हैं। वह 1998,1999 और 2004 में चुनाव जीत चुकी हैं। हालांकि उन्हें 2014 और 2009 में अपने पति के चचेरे भाई और बीजद प्रत्याशी कलीकेश सिंह देव से हार का सामना करना पड़ा।

दूसरी तरफ मालविका के पति अर्का केशरी देव पहले बीजद में थे। इन दोनों ने सितंबर 2013 में बीजेपी की सदस्यता ली। अर्का कालाहांडी रियासत के प्रमुख प्रताप केशरी देव के पोते हैं। वह साल 2014 में कालाहांडी से चुनाव जीत चुके हैं। इससे पहले 1957, 1962, 1967 और 1971 में प्रताप केशरी इस सीट से स्वतंत्रता पार्टी के टिकट पर सांसद चुने गए। वह 1977 में निर्दलीय चुनाव जीते थे।

**राजस्थान में राजपरिवारों को दो टिकट-** बात अगर राजस्थान की करें तो यहां बीजेपी ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वह झालावार - बारा लोकसभा सीट से चार बार के सांसद हैं। वसुंधरा सिंधिया राजघराने से संबंध रखती हैं। राजस्थान में बीजेपी ने राजसामंद सीट से मेवाड़ राजघराने की महिमा को टिकट दिया है। महिमा के पति विश्वराज सिंह नाथद्वारा से विधायक हैं। राजसामंद से पहले दिया कुमारी सांसद थीं। अब वह



राजस्थान की डिप्टी सीएम हैं।

एमपी में बीजेपी ने गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया है। पंजाब में पटियाला से परनीत कौर को उतारा गया है। वह पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। परनीत 1999 से 2014 तक कांग्रेस के टिकट पर पटियाला से सांसद थी। साल 2014 में वह आम आदमी पार्टी क धर्मवीर गांधी से चुनाव हार गईं। हालांकि साल 2019 में वह डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से यहां से जीतने में सफल रहीं।



**पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में भी रॉयल ब्लड चुनाव मैदान में-** पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने कृष्णानगर लोकसभा सीट से राजमाता अमृता रॉय को टिकट दिया है। उनके सामने टीएमसी की महुआ मोइत्रा हैं। कर्नाटक में बीजेपी में मैसूरु लोकसभा सीट पर प्रताप सिम्हा की जगह यदूवीर कृष्णदत्त चामराजा वडियार को टिकट दिया है। वह मैसूर राजपरिवार से संबंध रखते हैं।

इसी तरह उत्तराखंड में बीजेपी ने टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह पर दोबारा भरोसा जताया है। वह काठमांडू में पैदा हुई थीं और उनकी शादी टिहरी गढ़वाल के महराजा मनुजेंद्र शाह साहिब बहादुर से हुई। लक्ष्मी शाह के ससुर मानबेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर 1957, 1962, 1967 में सासंद चुने गए। इसके बाद वह 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते।

नॉर्थ ईस्ट के राज्य त्रिपुरा में ईस्ट त्रिपुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी ने महारानी कीर्ति सिंह देबबर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। वह त्रिपुरा के माणिक्य वंश से संबंध रखती हैं और उनकी शादी छत्तीसगढ़ के कवर्धा के राजपरिवार में हुई है।








# रामनवमी पूजा की एकदम सरल विधि

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी मनाई जाती है जो कि भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। प्रत्येक साल हिन्दू कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को श्रीराम नवमी के रूप मनाया जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि भी मनाई जाती है। इन दिनों कई लोग उपवास भी रखते हैं।**

## रामनवमी उत्सव

श्री रामनवमी हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो देश-दुनिया में सच्ची श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार वैष्णव समुदाय में विशेषतौर पर मनाया जाता है।

- आज के दिन भक्तगण रामायण का पाठ करते हैं।
- रामरक्षा स्त्रोत भी पढ़ते हैं।
- कई जगह भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।
- भगवान राम की मूर्ति को फूल-माला से सजाते हैं और स्थापित करते हैं।
- भगवान राम की मूर्ति को पालने में झुलाते हैं।

## राम नवमी की पूजा विधि

राम नवमी की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है :

- सबसे पहले स्नान करके पवित्र होकर पूजा स्थल पर पूजन सामग्री के साथ बैठें।
- पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल अवश्य होना चाहिए।
- उसके बाद श्रीराम नवमी की पूजा षोडशोपचार करें।
- खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।
- पूजा के बाद घर की सबसे छोटी बालिका/महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

## पौराणिक मान्यता

श्री रामनवमी की कहानी लंकाधिराज रावण से शुरू होती है। रावण अपने राज्यकाल में बहुत अत्याचार करता था। उसके अत्याचार से पूरी जनता त्रस्त थी, देवतागण भी, क्योंकि रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान ले लिया था। उसके अत्याचार से तंग होकर देवतागण भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना करने लगे। फलस्वरूप प्रतापी राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या की कोख से भगवान विष्णु ने राम के रूप में रावण को परास्त करने हेतु जन्म लिया। तब से चैत्र की नवमी तिथि को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। नवमी के दिन ही स्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना शुरू की थी।

# अदभुत हैं राम नाम जपने के लाभ

महर्षि वाल्मिकी के लिखे रामायण के अनुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को कर्क राशि में अभिजीत मुहूर्त और पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था. भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी के रूप में देश-विदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. यह दिन चैत्र नवरात्रि के अंत का प्रतीक है, जो देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित नौ दिवसीय त्योहार है, जिसके बाद आदर्श पुरुष भगवान राम के जन्म का भव्य उत्सव मनाया जाता है. वैदिक ज्योतिष के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय सूर्य, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि का विशेष संयोग बना था. इस वर्ष हिंदू कैलेंडर के अनुसार राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024, दिन बुधवार को मनाया जाएगा.

## राम नाम जप का महत्व

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार राम का नाम अमोघ है. राम नाम जप एक प्राचीन और सरल मंत्र है, जिसके अनेक लाभ हैं. यह मंत्र भगवान राम को समर्पित है, जो हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण देवता हैं. राम नाम का जप करने से मन शांत होता है और चिंता, तनाव, और क्रोध कम होता है. पापों का नाश और आत्मा शुद्ध होती है और मोक्ष प्राप्ति की संभावना बढ़ती है. राम नाम जप से आत्मविश्वास और एकाग्रता भी बढ़ती है.

# हरि अनंत हरि कथा अनंता कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता

**राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहा माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।**

राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।

## श्री राम का जन्म

पौराणिक ग्रंथों में जो कथाएं हैं उनके अनुसार भगवान राम त्रेता युग में अवतरित हुए। उनके जन्म का एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण करना, मानव समाज के लिए एक आदर्श पुरुष की मिसाल पेश करना और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना था। यहां धर्म का अर्थ किसी विशेष धर्म के लिए नहीं बल्कि एक आदर्श कल्याणकारी समाज की स्थापना से है। राजा दशरथ जिनका प्रताप 10 दिशाओं में व्याप्त रहा। उन्होंने तीन विवाह किए थे लेकिन किसी भी रानी से उन्हें पुत्र की प्राप्ति नहीं हुई। ऋषि मुनियों से जब इस बारे में विमर्श किया तो उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह दी। पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने के पश्चात यज्ञ से जो खीर प्राप्त हुई उसे राजा दशरथ ने अपनी प्रिय पत्नी कौशल्या को दे दिया। कौशल्या ने उसमें से आधा हिस्सा केकैयी को दिया इसके पश्चात कौशल्या और केकैयी ने अपने हिस्से से आधा-आधा हिस्सा तीसरी पत्नी सुमित्रा को दे दिया। इसीलिए चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में माता कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम जन्मे। केकैयी से भरत ने जन्म लिया तो सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न को जन्म दिया।

## कैसे मनाते हैं रामनवमी

भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण हैं जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं। वे समाज में व्याप्त ऊंच-नीच को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का और केवट की नाव चढ़ने का उदाहरण इसे समझने के लिए सर्वोत्तम है। वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले, विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले पराक्रमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर भजन कीर्तन किए जाते हैं। श्री रामकथा सुनी जाती है। रामचरित मानस का पाठ करवाया जाता है। श्री राम स्त्रोत का पाठ किया जाता है। कई जगहों भर भगवान श्री राम की प्रतिमा को झूले में भी झुलाया जाता है। रामनवमी को उपवास भी रखा जाता है। मान्यता है कि रामनवमी का उपवास रखने से सुख समृद्धि आती है और पाप नष्ट होते हैं।

# इस बार दुर्लभ संयोग में राम नवमी का पर्व

17 अप्रैल को देशभर में राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। वाल्मीकि रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि, अभिजीत मुहूर्त और कर्क लग्न में भगवान राम का जन्म हुआ था। राम नवमी का त्योहार चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस दिन देशभर में बड़े ही धूमधाम के साथ राम नवमी का त्योहार मनाया जाता है। राम नवमी पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाता है। 17 अप्रैल को अयोध्या में बने राम मंदिर में राम नवमी के त्योहार को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां हैं। इस बार राम नवमी का त्योहार बहुत ही शुभ योग में मनाया जाएगा।

चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर बहुत ही शुभ योग का निर्माण हुआ है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार राम नवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05 बजकर 16 मिनट से लेकर 06 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। वहीं पूरे दिन रवि योग का संयोग बनेगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग को बहुत ही शुभ योग माना गया है। इन योगों में पूजा और शुभ कार्य करने पर सभी तरह के फलों की प्राप्ति होती है। रवि योग में सूर्य का प्रभाव रहने के कारण व्यक्ति को कई तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**कर्क लग्न**- इस बार राम नवमी पर चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेगा। आपको बता दें कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम का जन्म कर्क लग्न में ही हुआ था।

**गजकेसरी योग**- 17 अप्रैल को गजकेसरी योग का भी प्रभाव रहेगा। भगवान राम के जन्म के समय भी उनकी कुंडली में गजकेसरी योग का शुभ संयोग था। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में मान-सम्मान और यश की प्राप्ति होती है।

**राम नवमी पर सूर्य की स्थिति**- शास्त्रों के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय सूर्य दशम भाव में मौजूद होकर अपनी उच्च राशि में स्थिति थे। इस वर्ष 17 अप्रैल को राम नवमी पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में विराजमान होकर दशम भाव में होंगे।

## शुभ मुहूर्त में करें भगवान राम की पूजा

नवमी तिथि प्रारम्भ- 16 अप्रैल 2024 को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट तक।
नवमी तिथि समाप्त- 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 03 बजकर 14 मिनट तक।
अभिजीत मुहूर्त - इस दिन अभिजीत मुहूर्त नहीं रहेगा।
विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक।
गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

# श्री राम को प्रसन्न करेंगे तो मिलेंगे विजय और उन्नति के शुभ आशीष

**रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव पर उन्हें सरल उपायों से प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है जिससे हर क्षेत्र में विजय और उन्नति मिलेगी।**

- रामनवमी के दिन 1 कटोरी में गंगा जल लेकर राम रक्षा मंत्र 'ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः' का 108 बार जाप करें। फिर पूरे घर के कोने-कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे घर का वास्तुदोष तथा भूत-प्रेत, नजर बाधा, तंत्र बाधा आदि समाप्त हो जाते हैं। यह उपाय आप अपने ऑफिस-दुकान या व्यवसाय स्थल में भी कर सकते हैं।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग-अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन,का पाठ करें, इससे जीवन की हर चीजें अनुकूल होने लगती है।
- रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पूजन और वंदन करने से सुख, समृद्धि और शांति बढ़ती है। साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है।
- नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कड़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। माता दुर्गा और श्रीराम को भोग लगाने के बाद ही भोजन किया जाता है। इससे प्रभु श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
- भगवान श्रीरामजी को केसर भात, खीर, कलाकंद, बर्फी, गुलाब जामुन का भोग प्रिय है। इसके अलावा हलुआ, पूरनपोळी, लड्डू और सिवइयां भी उनको पसंद हैं।
- पंचामृत और धनिया पंजीरी दो तरह के प्रसाद उन्हें अर्पित किए जाते हैं। यह रामजी को बहुत ही पसंद है। उन्हें धनिए का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसे धनिया पंजीरी कहते हैं। इसे सौंठ पंजीरी भी कहते हैं। यह कई तरह से बनाई जाती है।



# जब प्रभु श्रीराम ने दिया भक्त हनुमान को वरदान

लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने परिजनों के साथ बैठे हुए थे। श्रीराम, हनुमानजी द्वारा की गई सहायता को याद कर भावविभोर हो रहे थे। वह बोले, ' हनुमान ने संकट के समय मेरी सहायता की, लेकिन मैंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया।' उन्होंने हनुमानजी से कहा, मैंने विभीषण को लंका का राज्य दिया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाया। आज मैं तुम्हें भी कुछ देना चाहता हूं। इसलिए तुम इच्छित वर मांग सकते हो। हनुमानजी निष्काम भक्ति के साकार रूप थे। उन्होंने श्रीराम से विनम्रता से कहा, प्रभु आप मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। मुझ पर आपकी असीम कृपा है। अब और मांगकर क्या करूंगा। लेकिन श्रीराम हनुमानजी को उस दिन कुछ न कुछ देने के लिए आकांक्षी थे। अचानक हनुमानजी ने कहा कि, भगवान आपने सभी को एक-एक पद (चरण) दिए हैं। क्या आप मुझे भी पद दे सकेंगे। श्रीराम कुछ समझ नहीं पाए, फिर भी बोले तुम्हें कौन सा पद चाहिए हनुमान? हनुमानजी अपने स्थान से उठे और उन्होंने प्रभु राम के चरण पकड़ लिए। हनुमानजी बोले, मैं इन दो पदों की हर क्षण सेवा करता रहूं, यही वरदान चाहिए। श्रीराम की आंखों से अश्रु बहने लगे और उन्होंने श्री हनुमान जी को को गले लगा कर यह वरदान दिया कि जीवन भर उनकी सेवा करते रहें।



# भगवान श्रीराम के इन गुणों से हमें भी सीखना चाहिए

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खासतौर पर उनके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक नीतियां, यहीं कारण था कि कठिन परिस्थितियों में भी वे सफल रहे। भगवान श्रीराम के स्वभाव के इन गुणों से सीखना चाहिए .

- सभी से हंसते-मुस्कुराते मिलना।
- लोगों के नामों को याद रखना और उन्हें, उन्हीं नाम से संबोधित करना।
- दूसरों की बातों को ध्यान और धीरज से सुनना।
- लोगों के प्रति सच्ची निष्ठा रखना।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान देना।
- किसी को अपने विचार मनवाने के लिए तर्क और विवाद का सहारा नहीं लेना।
- उच्च आदर्श व सिद्धांत का पालन करने में हर कठिनाई को सहन करने के लिए तैयार रहना।
- दूसरे के विचारों और भावनाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति रखना।
- दूसरे की दृष्टि से घटनाओं या वस्तुओं को देखने का प्रयास करना।
- अपनी त्रुटि (गलती) को शीघ्र स्वीकार कर लेना।
- दूसरे व्यक्तियों के विचारों के प्रति आदर की भावना होना।

# श्रीराम के पास थे 16 गुण और 12 कलाएं

प्रभु श्रीराम को पुरुषों में सबसे उत्तम मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वे एक आदर्श व्यक्तित्व लिए हुए थे। एक धनुष और एक वचन धारण करने वाले थे। उन्होंने एक पत्नी व्रत भी धारण कर रखा था। उनमें इसी तरह के 16 गुण थे। 16 गुणों के अलावा वे 12 कलाओं से युक्त थे। 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वरतुल्य होता है या कहें कि स्वयं ईश्वर ही होता है। पत्थर और पेड़ 1 से 2 कला के प्राणी हैं। पशु और पक्षी में 2 से 4 कलाएं होती हैं। साधारण मानव में 5 कला और संस्कृति युक्त समाज वाले मानव में 6 कला होती है। इसी प्रकार विशिष्ट पुरुष में 7 और ऋषियों या महापुरुषों में 8 कला होती है। 9 कलाओं से युक्त सप्तर्षिगण, मनु, देवता, प्रजापति, लोकपाल आदि होते हैं। इसके बाद 10 और 10 से अधिक कलाओं की अभिव्यक्ति केवल भगवान के अवतारों में ही अभिव्यक्त होती है। जैसे वराह, नृसिंह, कूर्म, मत्स्य और वामन अवतार। उनको आवेशावतार भी कहते हैं। उनमें प्रायः 10 से 11 कलाओं का आविर्भाव होता है। परशुराम को भी भगवान का आवेशावतार कहा गया है। भगवान राम 12 कलाओं से तो भगवान श्रीकृष्ण सभी 16 कलाओं से युक्त हैं। यह चेतना का सर्वोच्च स्तर होता है। इसीलिए प्रभु श्रीराम को पुरुषों में उत्तम और भगवान और श्रीकृष्ण को जग के नाथ जगन्नाथ और जग के गुरु जगदगुरु कहते हैं। जग में सुंदर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम।

## 16 गुणों से युक्त

- गुणवान (योग्य और कुशल)
- किसी की निंदा न करने वाला (प्रशंसक, सकारात्मक)
- धर्मज्ञ (धर्म का ज्ञान रखने वाला)
- कृतज्ञ (आभारी या आभार जताने वाला विनम्रता)
- सत्य (सत्य बोलने वाला और सच्चा)
- दृढ़प्रतिज्ञ (प्रतिज्ञा पर अटल रहने वाला, दृढ़ निश्चयी )
- सदाचारी (धर्मात्मा, पुण्यात्मा और अच्छे आचरण वाला, आदर्श चरित्र)
- सभी प्राणियों का रक्षक (सहयोगी)
- विद्वान (बुद्धिमान और विवेक शील)
- सामर्थशाली (सभी का विश्वास और समर्थन पाने वाला समर्थवान)
- प्रियदर्शन (सुंदर मुख वाला)
- मन पर अधिकार रखने वाला (जितेंद्रीय)
- क्रोध जीतने वाला (शांत और सहज)
- कांतिमान (चमकदार शरीर वाला और अच्छा व्यक्तित्व)
- वीर्यवान (स्वस्थ्य, संयमी और हृष्ट-पुष्ट)
- युद्ध में जिसके क्रोधित होने पर देवता भी डरें - (वीर, साहसी, धनुर्धारि, असत्य का विरोधी)

# फाइनेंशियल सेक्टर में बड़ा धमाका करने की तैयारी में मुकेश अंबानी

## दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी का मिला साथ





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी टेलिकॉम और रिटेल के बाद अब वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकिंग बिजनस में भी तहलका मचाने की तैयारी में हैं। अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल ने दुनिया के सबसे बड़े एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। दोनों कंपनियां भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस के लिए पहले ही हाथ मिला चुकी हैं। जियो फाइनेंशियल ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंजेज को दी जानकारी में बताया कि उसने भारत में वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकरेज कंपनियां शुरू करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। इसमें दोनों कंपनियों की 50-50 फीसदी हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले साल अपने फाइनेंशियल बिजनस कारोबार को अलग करके जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम से एक कंपनी बनाई थी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को पिछले साल जुलाई में शेयर मार्केट में लिस्ट किया गया था। उसके बाद कंपनी ने ब्लैकरॉक के साथ मिलकर भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस शुरू करने की घोषणा की थी। इस बिजनस में दोनों कंपनियों ने 15-15 करोड़ डॉलर निवेश करने की घोषणा की थी। जियो ने सोमवार को कहा कि नए वेंचर से ब्लैकरॉक के साथ उसके संबंध और मजबूत होंगे। इससे भारत में एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव आने की संभावना है। ब्लैकरॉक दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर कंपनी है। इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट करीब 10 ट्रिलियन डॉलर था। यह भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 फीसदी यही कंपनी संभालती है।

### ब्लैकरॉक की दुनिया

ब्लैकरॉक दुनिया का सबसे बड़ा शेडो बैंक है। अगर हम यह कहें कि पूरी दुनिया इस कंपनी के कब्जे में है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। दुनिया के हर बड़े सेक्टर की बड़ी कंपनी में इसका हिस्सा है। ब्लैकरॉक की ऐपल में 6.5 प्रतिशत, वेरिजॉन और फोर्ड में 7.25 प्रतिशत, मेटा में 6.5 प्रतिशत, वेल्स फर्गो में सात परसेंट, जेपीमोर्गन में 6.5 प्रतिशत और डॉयचे बैंक में 4.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक में ब्लैकरॉक की 4.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे प्रभावशाली शख्स माना जाता है। ब्लैकरॉक भारत में इन्वेस्टिंग, ऑपरेशंस, एनालिटिक्स और कॉरपोरेट फंक्शंस में काम कर रही है। उसके भारत में करीब 2,400 कर्मचारी हैं। कंपनी एशिया में 422 अरब डॉलर का एसेट मैनेज कर रही है जिसमें 15 फीसदी भारत में है। साथ ही उसके ग्लोबल क्लाइंट्स का भारत में 13 अरब डॉलर का निवेश है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व: एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स

### केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े; हर माह 24 जीबी डेटा की खपत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है।

एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के



रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं।

**केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी**– देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। ट्राई के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 फरवरी, 2024 तक, केबल लाइनों पर 3.9 करोड़ की तुलना में मोबाइल उपकरणों (मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता) के माध्यम से ब्रॉडबैंड ग्राहक 87.6 करोड़ थे। इसके अलावा भारतीय उपयोगकर्ताओं ने 2023 तक मोबाइल उपकरणों पर प्रति माह औसतन 24 जीबी डेटा का इस्तेमाल किया।

# रेलवे स्टॉक की रफ्तार होगी तेज, 220 के पार जाएगा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे स्टॉक भारतीय रेलवे वित्त निगम के शेयर अगले छह से आठ महीनों में 220 के स्तर को पार कर सकते हैं। यह दावा है तकनीकी विश्लेषक मानस जायसवाल का। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा तभी हो सकता है, जब स्टॉक ऊपर की ओर 160 के स्तर को पार कर जाए। सरकारी रेलवे फाइनेंसर 8 फरवरी के बाद से 160 के स्तर से ऊपर बंद नहीं हुआ है। आज यानी मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर पौने दो बजे के करीब एक फीसद चढ़कर 141.75 रुपये पर पहुंच गया है।

जायसवाल ने अगाह करते हुए कहा है कि इस तरह के शेयरों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि, ये ऐसे शेयर नहीं हैं कि आप इन्हें दो साल के लिए लॉक कर दें और फिर पता लगाएं कि कीमत क्या है। हालांकि, जब भी स्टॉक 100 के स्तर से नीचे आता है तो उन्होंने मौजूदा पोजीशन की सलाह दी।

जनवरी में आईआरएफसी के शेयरों में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन उसके बाद से गिरावट का रुख बना हुआ है। स्टॉक अभी भी 192 के अपने उच्चतम स्तर से 26 प्रतिशत नीचे है, जो इस साल 23 जनवरी को पहुंचा था।

आईआरएफसी 2021 का पहला आईपीओ था जो अपने इश्यू प्राइस 26 की तुलना में मामूली छूट पर शेयर बाजार में एंट्री की थी। अगले दो वर्षों में कुछ भी नहीं करने के बाद, स्टॉक ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया और 2023 में 200 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया।

जब यह अपने चरम पर था तो आईआरएफसी का मार्केट कैप 20 से अधिक निफ्टी 50 कंपनियों से अधिक था। मौजूदा कीमत पर भी आईआरएफसी का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ से अधिक है। यह अभी भी टाटा स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, टेक महिंद्रा जैसे कई कंपनियों से अधिक है।अप्रैल में अब तक स्टॉक स्थिर है, मार्च में 3 प्रतिशत और फरवरी में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# विदेश से मिला हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेडको 500 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट के बीच हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड के शेयरों में उछाल है। मंगलवार यानी आज के कारोबार में शेयरों में तब तेजी आई, जब कंपनी ने कहा कि उसे ऑटोमोबाइल ड्राइवलाइन कंपोनेंट एंड सिस्टम के एक अग्रणी वैश्विक टियर 1 निर्माता से ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत कंपनी यात्री वाहनों (यूटिलिटी वाहन/पिकअप ट्रक) के लिए ब्रेक फ्लैंज की सप्लाई करेगी। कंपनी ने ऑर्डर देने वाले का नाम नहीं बताया , लेकिन कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। ऑर्डर को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही या वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से दिसंबर 2034 तक खत्म किया जाना है।




इस ऑर्डर का मूल्य 69 करोड़ से 70 करोड़ सलाना है, जो पूरी अवधि के लिए लगभग 500 करोड़ है। आज दोपहर 1.00 बजे हैप्पी फोर्जिंग्स के शेयर 4.71 प्रतिशत बढ़कर 948 पर कारोबार कर रहे थे। पिछले महीने में स्टॉक में 16.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब के लुधियाना स्थित हैप्पी फोर्जिंग्स ऑटो कंपोनेंट के निर्माण में शामिल है। कंपनी भारत में ग्राहकों के लिए स्टीयरिंग नक्कल्स, फ्रंट एक्सल बीम, बेवेल गियर, काउंटर शाफ्ट और ट्रांसमिशन कंपोनेंट का प्रोडक्शन और मार्केटिंग करती है। साल फरवरी में कंपनी को एसयूवी के लिए पूरी तरह से मशीनीकृत कंपोनेंट की आपूर्ति के लिए 400 करोड़ का ऑर्डर मिला था।

हैप्पी फोर्जिंग्स साल 2023 के अंतिम आईपीओ में से एक था और इसके इश्यू प्राइस 850 प्रति शेयर पर 18 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक अपने आईपीओ मूल्य 850 से 11 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रहा है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1087.40 रुपये है।

# टॉप 10 अमीरों में से नौ की नेटवर्थ में आई गिरावट

## ● एक झटके में गंवा दिए 28 अरब डॉलर ● फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे दुनिया के टॉप 10 अमीरों की नेटवर्थ में करीब 28 अरब डॉलर यानी 23,39,97,82,00,000 रुपये की गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सोमवार दुनिया के टॉप 15 अमीरों में से केवल दो की नेटवर्थ में इजाफा हुआ। इस लिस्ट में पहले नंबर पर मौजूद फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में 2.91 अरब डॉलर की तेजी आई और यह 218 अरब डॉलर पहुंच गई। दुनिया के 15वें नंबर के रईस स्पेना के एमेंशियो ओर्टेगा की नेटवर्थ 1.08 अरब डॉलर उछली। सबसे ज्यादा नुकसान एलन मस्क को हुआ। सोमवार की उनकी नेटवर्थ में 6.84 अरब डॉलर की गिरावट आई।

अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 3.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 205 अरब डॉलर रह गई। मस्क 178 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ 4.08 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 178 अरब डॉलर रह गई। बिल गेट्स की नेटवर्थ में सोमवार को 1.65 अरब डॉलर









की गिरावट आई। वह 150 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। स्टीव बालमर की नेटवर्थ में 2.69 अरब डॉलर, लैरी पेज की 2.43 अरब डॉलर, वॉरेन बफे की 132 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 2.30 अरब डॉलर की गिरावट आई।

**अंबानी-अडानी का हाल**– भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 80.6 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 15.6 अरब

# ग्राहक को कर्ज देते समय बैंक को देनी होंगी सभी जानकारियां, आरबीआई ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को एक अक्तूबर से खुदरा एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्ज लेने वाले ग्राहकों को ब्याज व अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में पूरी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिए गए नए कर्ज भी शामिल हैं। आरबीआई का यह निर्देश उसके नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की ओर से दिए जाने वाले खुदरा व एमएसएमई टर्म लोन पर लागू होगा।




बैंक ने सोमवार को कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाले भी सोच-समझकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे। केएफएस सरल भाषा में कर्ज समझौते के मुख्य तथ्यों का विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को मानकीकृत प्रारूप में दिया जाता है।

# अनिल अंबानी की कंपनी के चक्कर में नप गए दो सीए, 10 साल का प्रतिबंध और एक करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल से जुड़े फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। अथॉरिटी ने गड़बड़ी के आरोप में दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को पांच से दस साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही उन पर और एक ऑडिट फर्म पर तीन करोड़ रुपये तक का फाइन भी लगाया है। आरबीआई ने 29 नवंबर, 2021 को भुगतान में चूक और गवर्नेंस से जुड़ी गंभीर समस्याओं के कारण रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था और नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। सितंबर, 2021 में रिलायंस कैपिटल ने अपने शेयरहोल्डर्स को बताया था कि कंपनी पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज है।

हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एनएफआरए ने 12 अप्रैल के अपने एक आदेश में कहा कि ऑडिट फर्म पाठक, एच.डी. एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इंगेजमेंट पार्टनर सीए परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और इंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू पार्टनर सीए विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। श्वक्क को 10 साल और श्वत्तष्ट्क्र को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान ये किसी कंपनी में ऑडिटर या इंटरनल ऑडिटर का काम नहीं कर सकते हैं। साथ ही किसी कंपनी



के फाइनेंशियल एक्टिविटी में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। ऑर्डर में कहा गया है कि रिलायंस कैपिटल पर फाइनेंशियल ईयर 2019 में बैंकों का करीब 12,000 करोड़ रुपये का लोन था। साथ ही एक्टरनल डेट के रूप में कंपनी पर 32,000 करोड़ रुपये का बकाया था।

### हिंदूजा के छूट रहे पसीने

आरबीआई ने रिलायंस कैपिटल के खिलाफ आईबीसी के तहत इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग की कार्यवाही शुरू की थी। हिंदूजा ग्रुप ने इसे खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई है लेकिन कंपनी को फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है। ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए 9,650 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था जिसे कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने पिछले साल जुलाई में मंजूरी दी थी।

दिसंबर ने कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने रिलायंस कैपिटल में हिस्सा खरीदने के आईआईएचएल, आईआईएचएल बीएफएसआई (इंडिया) औरआसिया एंटरप्राइजेज एलएलपी की योजना को हरी झंडी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स का मुताबिक हिंदूजा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी इंडसइंड इंटरनेशल होल्डिंग्स इस डील के लिए कुल 8,000 करोड़ रुपये उधार लेने की तैयारी में है। लेकिन उसे प्राइस से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि क्रेडिट फंड्स ज्यादा रेट मांग रहे हैं।

# राधाकिशन दमानी ने खरीदे इस कंपनी के 2.33 लाख शेयर, 3800 रुपये के पार पहुंचा शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार में भी वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 3816 रुपये पर पहुंच गए हैं। दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज के और शेयर खरीदे हैं। दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज के 2.33 लाख शेयर या कंपनी में 1.51 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी है। दमानी ने 3689.96 रुपये प्रति शेयर के दाम पर वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर खरीदे हैं।



**अब कंपनी में दमानी की हिस्सेदारी हुई 34.4 प्रतिशत**– दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी की दिसंबर 2023 तिमाही में वीएसटी इंडस्ट्रीज में 32.89 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। दमानी ने अब कंपनी के 2.33 लाख शेयर 86.25 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। वीएसटी इंडस्ट्रीज में उनकी हिस्सेदारी अब बढ़कर 34.4 पर्सेंट हो गई है। इस साल जनवरी में दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज में 1.44 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी थी, जिसके बाद कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 30 पर्सेंट के लेवल के पार पहुंच गई थी और वह कंपनी के सबसे बड़े शेयरहोल्डर बन गए थे, क्योंकि वीएसटी इंडस्ट्रीज में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 32.16 पर्सेंट है।

**कंपनी के शेयरों ने दिया 1800 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न**– वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों ने पिछले कुछ साल में 1800 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 8 अप्रैल 2004 को 197.65 रुपये पर थे। वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर 16 अप्रैल 2024 को 3816 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 4328.45 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3159.90 रुपये है। पिछले एक साल में वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में 15 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी



है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे।

### पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 54 साल के स्लेटर ने सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने मामले का उल्लेख किया था। वह 5 दिसंबर, 2023 से 12 अप्रैल, 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों



से संबंधित 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोपों में गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले हमले और घरेलू हिंसा के अपराध शामिल हैं।

**कोर्ट ने भी दस आरोप लगाए**

पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के दस आरोप भी लगाए गए थे। पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्होंने कई दिनों तक घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद शुक्रवार को उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को अदालत के आदेश पर स्लेटर को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। स्लेटर ने संन्यास के बाद बतौर टीवी कमेंट्रेटर अपना करियर बनाया।

आईपीएल 2024



# हैदराबाद ने रचा इतिहास

## 287 रनों की पारी से टूटे कई रिकॉर्ड

बेंगलुरू, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद टीम ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया. सनराइजर्स ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 287/3 रन बनाए. यह टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है. इस आईपीएल सीजन में अब तक तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है, जो अपने आप में एक और रिकॉर्ड है.

### आईपीएल 2024: ट्रेविस हेड की विस्फोटक बल्लेबाजी

यश दयाल ने अपने ओवर में 20 रन लुटाकर पावर-प्ले को समाप्त किया. हेड ने 20 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से अर्धशतक पूरा किया. छह ओवर के पावर प्ले के बाद सनराइजर्स बिना किसी नुकसान के 76 रन के स्कोर पर था. हेड ने 39 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक लगाया और डेविड वॉर्नर के 43 गेंद पर शतक के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. हेड पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे और अपनी शतकीय पारी में 9 चौकों और 8 छक्के लगाए.

### पहले विकेट के लिए 8 ओवर शतकीय साझेदारी

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और केवल 39 गेंदों में अपना पहला आईपीएल शतक बनाया. यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक है. एम चिन्नास्वामी को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग कहा जाता है, इसे सच बनाया सनराइजर्स ने. पावर-प्ले का दूसरा ओवर लेकर आए रीस टॉपले ने 20 रन लुटाए. हेड ने चौके के साथ शुरुआत की और फिर अभिषेक ने ओवर को छक्के के साथ समाप्त किया. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई, वह भी केवल 8 ओवर में.

# आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आरसीबी से ब्रेक

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर ग्लेन मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया। आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने खुद को प्लेइंग 11 से ड्रॉप करने का कप्तान से आग्रह किया था।

ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए निजी रूप से यह आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं कोच और कप्तान फाफ डू प्लेसी के पास गया और कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि किसी और को आजमाएं। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए खुद को और बुरी परिस्थिति में पाया है . मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं। साथ ही खुद को मानसिक तथा शारीरिक रूप से आराम दूं। आगे चलकर टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी ज़रूरत पड़ती है तो शायद मैं अच्छे से टीम में योगदान दे पाऊंगा। मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले दो टी-20 शतक लगाए थे, एक भारत के खिलाफ गुवाहाटी में और दूसरा वेस्टइंडीज के



खिलाफ एडिलेड में जड़ा था। यह प्रदर्शन वनडे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद आया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक बनाया। हालांकि, आईपीएल में आरसीबी के लिए उनका बल्ला खामोश नजर आ रहा है। सोमवार को हुए मैच से पहले मैक्सवेल ने आरसीबी के लिए 6 पारियों में केवल 5.33 की औसत से मात्र 32 रन बनाए थे। आशंका थी कि वह अंगूठे की चोट के कारण बाहर बैठ सकते हैं, लेकिन जो हुआ वह इसके विपरीत था।

# हैदराबाद से हार के बाद भी बेंगलुरु के पास है प्लेऑफ में पहुंचने मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 25 रनों से हराया. दरअसल, अब तक 7 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि यह टीम महज पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतने में कामयाब रही. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 7 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ सबसे निचले यानी दसवें पायदान पर काबिज है. लेकिन क्या अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है? क्या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेऑफ खेलने की उम्मीदें जिंदा हैं?

**अब तक ऐसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर...** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को जरूर हराया, लेकिन इसके चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना



### अब कैसे प्लेऑफ में पहुंच सकती है बैंगलोर?

- दरअसल, यहां से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है, लेकिन यह बेहद मुश्किल होने वाला है. इस टीम के पहले 7 मैचों में महज 2 प्वॉइंट्स हैं. अब आरसीबी के 7 मुकाबले बचे हैं, अगर फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने आगामी सभी 7 मुकाबले जीतने में कामयाब रहती है तो कुल 16 प्वॉइंट्स हो जाएंगे, लेकिन इतने से आरसीबी का काम नहीं बनेगा. इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बाकी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा, यानी अब हालात आरसीबी के कंट्रोल में नहीं है, लिहाजा इस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण है.

पड़ा है. अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपना आगामी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी.

# मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी स्नष्ट को 2-1 से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी स्नष्ट को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया।

मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।



**मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर-** मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं मुम्बई सिटी स्नष्ट 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तान और मैच रेफरी।

- **हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे-** मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।
- **दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया-** दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी स्नष्ट को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमें बॉल को अपने पास रखने के लिए जूझते हुए।

# हार्दिक पंड्या के लिए टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना हुआ

**मुश्किल नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले जब मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था, तो उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आईपीएल 2024 के दौरान उन्हें इतनी ज्यादा आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने, लेकिन टीम के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन काफी ज्यादा औसत दर्जे का रहा है। मुंबई इंडियंस ने कुल छह मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को महज दो मैचों में ही जीत नसीब हुई है। इस दौरान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन ना बैटिंग में और ना ही बॉलिंग में कुछ कमाल कर पाए हैं। इस बीच एक और खबर आ रही है कि हार्दिक पांड्या के लिए इस साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में जगह बनाना आसान नहीं होने वाला है।

खबर के मुताबिक मुंबई हेड क्वार्टर में हुई मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बीच मीटिंग हुई थी, जिसमें रोहित शर्मा ने कहा था कि उनका फोकस अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक पेसर ऑलराउंडर पर है। आईपीएल 2024 की बात करें तो हार्दिक पांड्या ने ज्यादा गेंदबाजी की नहीं है और जब की भी है, तो बिल्कुल भी असरदार नजर नहीं आए हैं। हाल में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की ओर से आखिरी ओवर किया था, जिसमें एमएस धोनी ने उनकी लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए थे।

# 108 मीटर का छक्का, रियल थाला...

## दिनेश कार्तिक पर कही रोहित शर्मा की भविष्यवाणी कहीं सच ना हो जाए, टी20 वर्ल्ड कप के बने दावेदार

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 11 अप्रैल को खेला जा रहा था. दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे, ईशान किशन के बगल में स्लीप पर खड़े रोहित शर्मा ने उनको मैच के दौरान कहा शाबाश डीके, वर्ल्ड कप खेलना है अभी...

यह सुनकर कार्तिक मुस्कुराए और बल्लेबाजी करने लगे. कार्तिक ने उस मैच में 23 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली, वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह तरह की मनचाही बल्लेबाजी की, उससे , ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और जितेश शर्मा जैसे कीपर्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप से पहले.



दिनेश को जो बदला हुआ रूप इस बार फिर से आईपीएल में दिख रहा है कि उससे एक बात तो तय है कि वो दूसरे विकेटकीपर्स के लिए चुनौती बन गए हैं. उनकी 38 साल की उम्र को एकबारगी को साइड में कर दिजिए, फिश्र सोचिए..अब तक फिलहाल जिस तरह वह आईपीएल में खेल रहे हैं, उससे एक बात तो साबित हो गई है कि उनके अंदर अब भी इस फॉर्मेट में खेलने का दम बाकी है. ऐसे में बड़ा सवाल है कि रोहित शर्मा ने भले ही मजाक में दिनेश कार्तिक से यह बात कही हो, लेकिन अब कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए उतरने वाले विकेटकीपर्स की रेस में तो आ गए हैं. कार्तिक ने इस दौरान टी20 में 6000 रन भी पूरे किए.





# हुमा कुरैशी ने शुरू की अपनी अगली फिल्म की शूटिंग

अभिनेत्री हुमा कुरैशी पर्दे पर अलग किस्म के किरदार अदा करने के लिए मशहूर हैं। एक बार फिर अभिनेत्री ने कमर कस ली है। अपनी नई फिल्म में वह ऑटो ड्राइवर बनी नजर आएंगी। फिल्म का नाम सामने आ चुका है। बीते महीने महिला दिवस के मौके पर हुमा कुरैशी ने अपनी नई फिल्म का एलान किया था। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदार विपुल मेहता संभालेंगे। आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। साथ ही फिल्म के नाम से पर्दा उठ गया है। हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस के साथ साझा की है।

### ऑटो ड्राइवर के रोल में आएंगी नजर

हुमा कुरैशी की अगली फिल्म का नाम गुलाबी है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी ऑटो चालक की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में वह एक ऑटो ड्राइवर और उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला की सच्ची कहानी को दर्शकों के सामने पेश करती दिखेंगी। अपने नई फिल्म की घोषणा करते हुए हुमा ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मैं विशाल राणा और जियो स्टूडियो के साथ नई फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

आज अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह फिल्म विशाल राणा और विपुल मेहता के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, फिल्म गुलाबी की शूटिंग शुरू हो चुकी है। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।

### सितारे दे रहे शुभकामनाएं

हुमा के फैंस के साथ-साथ तमाम सितारे भी हुमा को बधाई दे रहे हैं। नुपुर सेनन ने लिखा, आपको बहुत शुभकामनाएं। जूही परमार ने लिखा, गुड लक। वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों हुमा कुरैशी अपनी चर्चित वेब सीरीज महारानी 3 को लेकर खूब चर्चा में रही हैं। अभिनेत्री के अभिनय की दर्शकों ने दिल खोलकर तारीफ की।



## प्रियामणि ने बताया मजेदार किस्सा

# शाहरुख ने जवान गर्ल के पीछे लगा दी थी बॉडीगार्ड्स की पूरी फौज

प्रियामणि ने शाहरुख खान के साथ दो फिल्मों में काम किया और उनसे जुड़े किस्से सुनाए हैं। प्रियामणि ने शाहरुख की तारीफ की और बताया कि एक्टर ने किस तरह उनकी और जवान की अन्य लड़कियों को होटल छोड़ने के लिए बॉडीगार्ड्स से भरी गाड़ी लगा दी थी। साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस प्रियामणि ने शाहरुख खान के साथ पहली बार फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में काम किया था, और इसके बाद वह उनके साथ जवान में नजर आईं। इन दोनों फिल्मों की रिलीज के बीच 10 साल का गैप था। हालांकि इतने साल तक प्रियामणि, शाहरुख खान से एक बार भी नहीं मिली थीं। लेकिन एक्ट्रेस हैरान हैं कि इतने साल में शाहरुख जरा भी नहीं बदले। प्रियामणि तब और हैरान रह गई थीं जब जवान की शूटिंग के दौरान उन्हें और अन्य लड़कियों को होटल छोड़ने के लिए शाहरुख ने बॉडीगार्ड्स से भरी गाड़ी भेजी थी। एक्ट्रेस ने अब एक इंटरव्यू में शाहरुख के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया है और तारीफ की है। प्रियामणि ने बताया कि जब शाहरुख ने उन्हें और फिल्म में काम कर रहीं अन्य लड़कियों को मिलने बुलाया, तो गर्मजोशी से स्वागत किया। शाहरुख ने प्रियामणि को गले लगाकर माथे पर किस भी किया था।

**जवान के सेट पर वो मुलाकात, शाहरुख ने मिलने बुलाया**

प्रियामणि ने बताया, मैं उनसे जवान के सेट पर मिली थी। हमने सबसे पहले ट्रेन सीक्वेंस और फिर मेट्रो सीक्वेंस शूट किया। तो जब हम फिल्म सिटी में शूटिंग कर रहे थे तो करीब 7 बजे हमें कॉल आया। हम शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक शूटिंग कर रहे थे। मुझे लगता है कि शाहरुख को रात में शूटिंग करना पसंद है। एटली सर भी ऐसा ही करते हैं।

**शाहरुख ने गले लगाया, माथे पर किस किया और थैंक यू बोले**

प्रियामणि ने आगे बताया कि जब वो पहले दिन जवान के सेट पर पहुंचीं, तो उनसे और अन्य लड़कियों से कहा गया कि सर आपसे मिलना चाहते हैं, इसलिए सेट पर पहुंचें। प्रियामणि बोलीं, हमें लगा कि यह एटली सर हैं, लेकिन उनकी जगह शाहरुख खान थऔर हम हैरान रह गए थे। प्रियामणि ने बताया कि सबसे पहले उन्होंने शाहरुख का अभिवादन किया और बदले में एक्टर ने उन्हें लगाया और फिर माथे पर किस किया। इसके बाद शाहरुख ने उन लड़कियों से कहा था, फिल्म करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

## अच्छे पिता बनेंगे अली...., ऋचा ने बांधे पति की तारीफों के पुल



ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने जीवन के नए चरण के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस दौरान उन्होंने पति अली फजल की तारीफों के पुल बांधे हैं। ऋचा ने कहा मैं उनके जैसा पार्टनर पाकर सौभाग्यशाली हूं, मुझे लगता है कि वह एक अविश्वसनीय पिता बनेंगे। ऋचा चड्ढा ने कहा कि हम दोनों इस नए चरण के लिए बेहद ही उत्साहित हैं। उन्होंने कहा अली और मैं जो कुछ भी करते हैं, हम बहुत अधिक सरलता के साथ करते हैं।

# दीपिका के ब्रांड 82एश्व ने की रिलायंस रिटेल के टीरा संग साझेदारी



ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड '82एश्व' ने सोमवार को रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82एश्व स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है, जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्पलैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे। टीरा ऐप और वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है। शुरूआत में 82एश्व के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणें में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम अंबानी ने कहा कि हम 82एश्व के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। यह साझेदारी टीरा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है और हमें अपने ग्राहकों को प्रीमियम स्कीन केयर प्रोडक्ट्स पहुंचाने में मदद करती है। हमारा लक्ष्य पहली बार ऑफलाइन रिटेल में 82एश्व उत्पादों को पेश करना है। फिल्मस्टार और 82एश्व की सह-संस्थापक, दीपिका पादुकोण ने बताया कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 82एश्व अब टीरा के ऑनलाइन और स्टोर्स पर उपलब्ध है। स्किन केयर को सरल बनाना और सेल्फ केयर को हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना हमारा उद्देश्य है।



# भूल भुलैया 3 में आमने-सामने होंगी विद्या बालन और माधुरी दीक्षित, अमी जे तोमार गाने पर होगा इनके बीच फेस-ऑफ



बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के बीच डांस फेस ऑफ होने जा रहा है। दोनों अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में एक गाने पर परफॉर्म करेंगी और तहलका मचाएंगी। हालांकि ये रिपोर्ट्स का दावा है और बताया जा रहा है कि अगले महीने मई में इसकी शूटिंग शूरू होगी। भूल भुलैया और भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद, अनीस बज्मी और भूषण कुमार इस साल दिवाली के मौके पर इस कॉमिक फ्रेंचाइजी की अगली किस्त लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जबकि मंजुलिका के किरदार में विद्या बालन 17 साल बाद भूल भुलैया की दुनिया में लौट आई हैं।वहीं, फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं और माधुरी दीक्षित भी इसमें नजर आएंगी। फिल्म फिलहाल फ्लोर पर है और इस बार मूवी में डांस फेस-ऑफ देखने को मिलेगा, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। यानी इस बार विद्या और माधुरी साथ डांस करती दिखाई देंगी। करीबी सूत्रों के मुताबिक, निर्माता भूल भुलैया 3 में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के बीच एक अनोखे डांस फेस-ऑफ की प्लानिंग कर रहे हैं। विद्या और माधुरी दोनों इस फेस ऑफ के लिए तैयार हैं और मेकर्स इसे भुनाने की योजना बना रहे हैं। भूषण कुमार और उनकी टीम विद्या और माधुरी पर फिल्माए जाने वाले अमी जे तोमार की तैयारी कर रहे हैं।



## डर को स्वीकार करना ही साहस है

# सुष्मिता ने अपने जीवन का मंत्र किया शेयर

आर्या 3 में अपने दमदार अभिनय से प्रशंसा हासिल करने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डर से निपटने के तरीके पर बात की है। एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में कैमरे में देखते हुए अपनी एक डी-ग्लैम फोटो शेयर की है। सुष्मिता ने तस्वीर पर लिखा, साहस भय का अभाव नहीं है, दरअसल इसकी शुरुआत डर को स्वीकार करने से होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी खड़े रहने के सुष्मिता सेन के हौसले की अक्सर तारीफ की जाती है। इससे पहले अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था कि वह किसी चीज का पीछा नहीं करती बल्कि उसे अपनी ओर आकर्षित करती है और संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता और प्रचुरता को चुनती है। एक्ट्रेस ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर काले रंग के टैंक टॉप और गुलाबी रंग के बड़े धूप के चश्मे के साथ अपनी एक फोटो शेयर की थी।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं पीछा नहीं करती, मैं आकर्षित करती हूं... मेरा गुलाबी रंग का चश्मा अक्सर मुझे याद दिलाता है... यह वहां क्या है के बारे में नहीं है, यह मैं क्या देखना चुनती हूं के बारे में है... मैं संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता, एकता और प्रचुरता को देखना चुनती हूं... मैं जो चुनती हूं, मैं उसे आकर्षित करती हूं। एक्ट्रेस को स्ट्रीमिंग सीरीज आर्या 3 की शूटिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन वह पूरी तरह से ठीक होकर शूटिंग पूरी करने के लिए सेट पर लौट आईं थी।



# बेटी सुहाना खान की मूवी किंग में शाहरुख खान लगा रहे हैं 200 करोड़?

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान की फिल्म किंग में मोटा पैसा लगा रहे हैं। इस बात की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसे सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद मिलकर बना रहे हैं। इसे वह ग्लोबल एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की कोशिश कर रहे हैं। किंग के साथ सिल्वर स्क्रीन पर शानदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। खासकर, यह फिल्म उनकी बेटी सुहाना खान की फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म है। फिलहाल, प्रोजेक्ट प्री-प्रोडक्शन में है, प्रोडक्शन टीम का लक्ष्य शाहरुख की वापसी को यादगार बनाना है। हालिया अपडेट से पता चलता है कि 200 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के लिए सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# नवरात्रि के दौरान सात्विक भोजन लेती हैं गीतांजलि मिश्रा

हप्पू की उलटन पलटनमें राजेश का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस गीतांजलि मिश्रा ने चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के दौरान अपनाए जाने वाले अनुष्ठानों के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस देवी दुर्गा और भगवान राम की बड़ी भक्त हैं। गीतांजलि मिश्रा ने कहा कि वह इस दौरान सात्विक भोजन लेती हैं। उन्होंने कहा, मैं हर दिन की शुरुआत देवताओं के सामने आदरपूर्वक हाथ जोड़कर आभार व्यक्त करते हुए और अपने प्रियजनों की भलाई के लिए प्रार्थना करने से करती हूं।



चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के दौरान मैं गहन आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में उपवास रखती हूं, यह मेरी मां द्वारा दी गई परंपरा है, जिसका मैं ईमानदारी से पालन करती हूं। यह उपवास मेरे लिए दिव्य संबंध और पवित्रता की भावना को बढ़ावा देने के लिए गहरा महत्व रखता है। गीतांजलि के लिए उपवास शरीर और आत्मा दोनों को शुद्ध करने का काम करता है। उन्होंने कहा, पूरे त्योहार के दौरान मैं सात्विक भोजन लेती हूं, जिसमें कुट्टू का आटा, सिंघाड़ा आटा और ताजे फल शामिल होते हैं। गीतांजलि ने खुशी, समृद्धि और आध्यात्मिक संतुष्टि का आशीर्वाद देते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह शुभ त्योहार हर किसी को आशीर्वाद और दिव्य कृपा प्रदान करे। जय माता दी, सभी को आनंदमयी नवरात्रि और राम नवमी की शुभकामनाएं।

- साभार एजेंसी